वार्षिक रिपोर्ट

2011–12

मुख्य आयुक्त (विकलांगजन) कार्यालय

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

भारत सरकार, नई दिल्ली

वार्षिक रिपोर्ट

2011-12

मुख्य आयुक्त (विकलांगजन) कार्यालय
सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली

विषय सूची

अध्याय	शीर्षक	पृष्ठ सं.
1.	प्रस्तावना	1–5
2.	कार्य योजना तथा पहलें	6–13
3.	केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा निःशक्त जन अधिनियम का कार्यान्वयन	14–26
4.	राज्यों / संघ क्षेत्रों द्वारा निःशक्त जन अधिनियम का कार्यान्वयन	27–110
5.	शिकायतों का निवारण	111–120
6.	धन के उपयोग की मानीटरिंग	121
7.	सिफारिशें	122–124

परिशिष्ट

I.	राज्यों / संघ क्षेत्रों में निःशक्तजन अधिनियम 1995 के कार्यान्वयन की स्थिति	125–153
II.	राज्यों / संघ क्षेत्रों में निःशक्तता प्रमाण–पत्र जारी किए जाने की स्थिति	154–155
III.	राज्यों / संघ क्षेत्रो में निःशक्तता पेंशन योजनाएं	156–159
IV.	राज्यों / संघ क्षेत्रों में बेरोजगारी भत्ता	160–162
V.	विशिष्ट विश्वविद्यालयों द्वारा निःशक्त छात्रों को प्रदान की गई सुविधाएं	163–164
VI.	निःशक्तता के क्षेत्र में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संगठन / संस्थान	165–175
VII.	राज्यों / संघ क्षेत्रों के निःशक्त जनों के लिए आयुक्तों की सूची	176–180
VIII.	राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के सदस्य–सचिवों के नामों और पतों की सूची	181–187
IX.	शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेष रोजगार कार्यालयों की सूची	188–191
X.	व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्रों की सूची	192–194
XI.	संगठनात्मक चार्ट	195

अध्याय
1

प्रस्तावना

1.1 प्रस्तावना

1.1.1 एशियाई और प्रशांत क्षेत्र संबंधी आर्थिक और सामाजिक आयोग द्वारा 1 से 5 दिसम्बर, 1992 तक आयोजित बैठक में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में निःशक्त व्यक्तियों की पूर्ण भागीदारी तथा समानता संबंधी स्वीकृत उद्घोषणा को प्रभावी बनाने के लिए निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 अधिनियम बनाया गया। यह अधिनियम केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों तथा स्थानीय प्राधिकरणों पर विकलांग व्यक्तियों की निःशक्तता की रोकथाम, शीघ्र बचाव, शिक्षा, रोजगार सहायता, उपकरणों तथा उपस्करों के प्रावधान, सार्वजनिक स्थानों पर उनकी पहुंच को सुगम बनाने तथा वाहन सुविधा आदि के लिए विशेष उपाय करने का निश्चित दायित्व सौंपता है। इस अधिनियम में विकलांगजनों के बारे में अनुसंधान, जनशक्ति विकास, सामाजिक सुरक्षा, शिकायतों के निवारण तन्त्र, निधियों के उपयोग की मानीटरिंग के प्रावधान भी शामिल हैं। केन्द्र में केन्द्रीय समन्वय समिति अधिनियम में दिए गए प्रावधानों की जाँच करती है तथा केन्द्रीय कार्य पालक समिति केन्द्रीय समन्वय समिति के आदेशों को लागू करते हैं। इसी प्रकार विभिन्न राज्यों में राज्य समन्वय समिति तथा राज्य कार्यपालक समिति द्वारा कार्य किए जाते हैं।

1.2 निःशक्त व्यक्तियों की परिभाषा

1.2.1 अधिनियम के अनुसार, "निःशक्त व्यक्ति" से अभिप्रेत है, ऐसा एक व्यक्ति, जो चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित किसी निःशक्तता से 40 प्रतिशत से कम ग्रस्त न है। 'निःशक्तता' जैसा कि अधिनियम की धारा 2 में परिभाषित है, से तात्पर्य है। (i) अंधता; (ii) कम दृष्टि; (iii) कुष्ठ रोग मुक्त; (iv) श्रवण शक्ति का ह्रास; (v) चलन निःशक्तता; (vi) मानसिक मंदता; (vii) मानसिक रुग्णता। निःशक्तता की परिभाषाएं निम्नलिखित हैं–

i. अंधता– दृष्टि का पूर्ण अभाव; या सुधारक लेंसों के साथ बेहतर नेत्र में दृष्टि की तीक्ष्णता जो 6/60 या 20/200 (स्नेलन) से अधिक न हो; या दृष्टि क्षेत्र की सीमा जो 20 डिग्री कोण वाली या उससे बेहतर है;

ii. कम दृष्टि– कम दृष्टि वाले व्यक्ति से अभिप्राय है, जिसकी उपचार या मानक अपवर्तनीय संशोधन के पश्चात भी दृष्टि क्षमता का ह्रास हो गया है, किन्तु

जो समुचित सहायक युक्ति से किसी कार्य की योजना या निष्पादन के लिए दृष्टि का उपयोग करता है या उपयोग करने में संभाव्य रूप से समर्थ है;

iii. कुष्ट रोग मुक्त- कुष्ट रोग मुक्त ऐसे व्यक्ति से अभिप्रेत है, जो कुष्ट रोग से मुक्त हो गया है, परन्तु हाथों या पैरों में संवेदना की कमी और नेत्र और पलक में संवेदना की कमी और आंशिक घात से ग्रस्त है, किन्तु प्रकट विरूपता से ग्रस्त नहीं है; प्रकट विरूपता और आंशिक घात से ग्रस्त है, किन्तु उसके हाथों और पैरों में पर्याप्त गतिशीलता है, जिससे वह सामान्य आर्थिक क्रिया–कलाप कर सकता है; अत्यन्त शारीरिक विरूपता और अधिक वृद्धावस्था से ग्रस्त है, जो उसे कोई भी लाभपूर्ण व्यवसाय करने से रोकती है, तथा ''कुष्ठ रोग मुक्त'' पद का अर्थ तदनुसार लगाया जाएगा;

iv. श्रवण शक्ति का ह्रास- से अभिप्रेत है, संवाद संबंधी रेंज की आवृत्ति में बेहतर कर्ण में साठ डेसीबेल या अधिक की हानि;

v. चलन निःशक्तता- से हड्डियों, जोड़ों या मांसपेशियों की कोई ऐसी निःशक्तता अभिप्रेत है, जिसमें अंगों की गति में पर्याप्त निबंधन या किसी प्रकार का प्रमस्तिष्क घात हो;

vi. मानसिक मंदता - से तात्पर्य है, किसी व्यक्ति के चित्त की अवरुद्ध या अपूर्ण विकास की अवस्था, जो विशेष रूप से वृद्धि की अवसामान्यता द्वारा अभिलक्षित होती है;

vii. मानसिक रुग्णता - से तात्पर्य है, मानसिक मंदता से भिन्न कोई मानसिक विकार;

राष्ट्रीय न्यास (स्वपरायणता, प्रमस्तिष्कघात, मानसिक मंदता तथा बहु–निःशक्तता) अधिनियम, 1999 और अधिक निशक्तताओं जैसै आटिज्म, सेरेब्राल पाल्सी तथा बहु–निःशक्तताओं के लिए उपाय करता है, यद्यपि सैरेब्राल पाल्सी चलन निःशक्तता के अन्तर्गत आती है तथा बहु–निःशक्तताएं दो या दो से अधिक निःशक्तताओं का संयोजन है। यद्यपि आटिज्म निःशक्त जन अधिनियम, 1995 में निःशक्तता की अलग श्रेणी में परिभाषित नहीं की गई है, मानसिक रुग्णता की परिभाषा में मानसिक मंदता के अलावा मानसिक विकार सहित निःशक्तताएं परिवेष्टित हैं।

1.3 निःशक्त व्यक्तियों की जनसंख्या

1.3.1 सन् 2001 की जनगणता के अनुसार विविध प्रकार के निःशक्त व्यक्तियों की जनसंख्या निम्नलिखित थी :

निःशक्तता का क्रमवार विवरण (लाखों में)

निःशक्तता	जनगणना (लाखों में) (प्रतिशत)
चलन	61.05 (27.86%)
दृश्य	106.03 (48.54%)
श्रवण	12.62 (5.76%)
वाक्	16.41 (7.49%)
मानसिक	22.64 (10.33%)
कुल	219.02 (2.19%)

स्रोत : जनगणना 2001

1.4 निःशक्त व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त (सी.सी.पी.डी.) तथा आयुक्त (एस.सी.डी.)

1.4.1 अधिनियम, निःशक्त व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण तथा अधिनियम के कार्यान्वयन को मोनीटर करने के संबंध में कदम उठाने के लिए केन्द्र में एक मुख्य आयुक्त निःशक्तजन (सी.सी.पी.डी.) तथा प्रत्येक राज्य में एक आयुक्त (एस.सी.डी.) की नियुक्ति की व्यवस्था करता हैं यद्यपि निःशक्त व्यक्तियों के लिए इस अधिनियम की धारा 57(1) के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा मुख्य आयुक्त की नियुक्ति की जाती है और इस अधिनियम की धारा 60(1) के प्रावधानों के अन्तर्गत विभिन्न सरकारों

द्वारा अपने–अपने राज्य में आयुक्त नियुक्त किए जाते हैं।

1.5 मुख्य आयुक्त-निःशक्त जन (सी.सी.पी.डी.) का कार्यालय

1.5.1 मुख्य आयुक्त–निःशक्त जन का कार्यालय 01.09. 1998 को प्रथम मुख्य आयुक्त की नियुक्ति के साथ अस्तित्व में आया। मुख्य आयुक्त (सी.सी.पी.डी.) के कार्यालय का संगठनात्मक चार्ट अनुलंग्नक XI पर है।

1.6 मुख्य आयुक्त के कार्य

1.6.1 धारा 58–मुख्य आयुक्त–

क. आयुक्तों के कार्य का समन्वय करेंगे।

ख. केन्द्रीय सरकार द्वारा संवितरित निधियों के उपयोग को मोनीटर करेंगे।

ग. निशक्त व्यक्तियों के अधिकारों और उनको उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संरक्षण के लिए कदम उठाएगा।

घ. अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में केन्द्रीय सरकार को, ऐसे अन्तरालों पर, जो कि सरकार निर्धारित करे, रिपोर्ट करेगा।

1.6.2 धारा 59–धारा 58 के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मुख्य आयुक्त स्वप्रेरणा से या किसी व्यक्ति के आवेदन पर या अन्यथा किसी शिकायत के संबंध में–

क. निःशक्त व्यक्तियों को अधिकारों से वंचित करना।

ख. उपयुक्त सरकारों तथा स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा निःशक्त व्यक्तियों के कल्याण और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए बनाई गई विधियों, नियमों, उपनियमों, विनियमों, जारी किए गए, कार्यपालक आदेशों, मार्ग दर्शक सिद्धांतों या अनुदेशों को कार्यान्वित न किए जाने से संबंधित मामलों के बारे में शिकायतों की जांच कर सकेगा और मामले को समुचित प्राधिकारियों के सामने उठाएगा।

1.7 निःशक्त जन आयुक्तों के कार्य-

1.7.1 धारा 61–राज्यों में आयुक्त–

क. निःशक्त व्यक्तियों के लाभार्थ कार्यक्रमों तथा योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार के विभागों के साथ समन्वय।

ख. राज्य सरकार द्वारा संवितरित निधियों के उपयोग को मोनीटर करना।

ग. निःशक्त व्यक्तियों के अधिकारों और उनको उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संरक्षण के लिए कदम उठाएगा।

घ. अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में राज्य सरकार को ऐसे अन्तरालों पर, जो वह सरकार निर्धारित करे, रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और उसकी एक प्रति मुख्य आयुक्त को अग्रेषित करेगा।

1.7.2 धारा 62–धारा 61 के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आयुक्त स्वःप्रेरणा से या किसी व्यक्ति के आवेदन पर या किसी शिकायत के संबंध में अन्यथा–

क. निःशक्त व्यक्तियों के अधिकारों से वंचित किए जाने पर

ख. समुचित सरकारों और स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा निःशक्त व्यक्तियों के कल्याण और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए बनाये गए कानूनों, नियमों, उपविधियों, विनियमों, जारी किए गए कार्यालय आदेशों, दिशा–निर्देशों या अनुदेशों को कार्यान्वित न किए जाने से संबंधित मामलों के बारे में परिवादों की जांच कर सकेगा और मामले को समुचित प्राधिकारियों के समक्ष उठा सकेगा।

1.8 मुख्य आयुक्त-निःशक्त जन (सी.सी.पी.डी.) तथा राज्य आयुक्त-निःशक्त जन (एस.सी.डी.) की शक्तियां।

1.8.1 मुख्य आयुक्त तथा राज्य आयुक्त–निःशक्त जन को, अधिनियम की धारा 63 के अन्तर्गम उनके कार्यों के निष्पादन के लिए सिविल न्यायालय की निश्चित शक्तियां प्रदान की गई हैं, जो नीचे दी गई हैं–

(i) धारा 63(1) मुख्य आयुक्त और आयुक्तों को, इस अधिनियम के अधीन उनके कार्यों के निर्वहन के प्रयोजन के लिए, निम्नलिखित विषयों के संबंध में वही शक्तियां होंगी, जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन किसी वाद का विचारण करते समय, किसी न्यायालय में निहित होती है, अर्थात्–

क. साक्षियों को समन करना तथा हाजिर करना;

ख. किसी दस्तावेज के स्पष्टीकरण और पेश किए जाने की अपेक्षा करना;

ग. किसी न्यायालय या कार्यालय से किसी लोक अभिलेख या उसकी प्रति की अपेक्षा करना;

घ. शपथ पत्रों पर साक्ष्य प्राप्त करना, और

ङ. साक्षियों या दस्तावेजों की परीक्षा के लिए कमीशन जारी करना;

(ii) मुख्य आयुक्त और आयुक्तों के समक्ष प्रत्येक कार्यवाही, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 193 और धारा 228 के अर्थ में न्यायिक कार्यवाही होगी और मुख्य आयुक्त, आयुक्त, सक्षम अधिकारी को दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 195 और अध्याय xxvi के प्रयोजनों के लिए सिविल न्यायालय समझा जाएगा।

1.9 राज्य आयुक्त-निःशक्तता (एस.सी.डी.) की नियुक्ति।

1.9.1 यद्यपि आसाम, दिल्ली, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु तथा पश्चिम बंगाल सरकार पूर्णकालिक आयुक्त की नियुक्ति कर चुकी है, अन्य राज्यों / संघ क्षेत्रों में प्रतिवेदित वर्ष के दौरान राज्य आयुक्त का कार्य अतिरिक्त प्रभार के रूप में अन्य अधिकारी को सुपुर्द रहा।

1.10 मुख्य आयुक्त-निःशक्त जन (सी.सी.पी.डी.) के कार्यालय द्वारा हस्तक्षेप के क्षेत्रों का एक संक्षिप्त विवरण।

1.10.1 मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन का कार्यालय बहुविध सक्षम व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए केन्द्रीय प्लेटफार्म के रूप में कार्य करता हैं जैसे ही किसी सरकारी निकाय द्वारा पीड़ित के अधिकारों का हनन होता है, मामला चाहे केन्द्र सरकार से संबंधित हो या विविध राज्य सरकारों से संबंधित हो, बड़े पैमाने पर निःशक्त जन इस कार्यालय में अपनी शिकायतें लेकर पहुंचते हैं।

1.10.2 प्रेस, मीडिया में प्रतिवेदित निःशक्त व्यक्ति के विरुद्ध रोजगार, दाखिले, भेदभाव की घटनाओं जैसे अधिनियम के अनुपालन न करने के मामले में अपने संज्ञान में आने पर यह कार्यालय स्वयं भी कार्यवाही करता है और मामले संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष उठाता है। इस तरह की दूरगामी पहलों से न केवल निःशक्त व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा हुई, बल्कि संवेदनशील विभिन्न स्टेक होल्डर्स तथा निःशक्त व्यक्तियों से संबंधित मामलों के बारे में जागरूकता भी पैदा हुई।

1.10.3 निधि के उपयोग की मानीटरिंग की दृष्टि से मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन के कार्यालय में ए.डी.आई.पी., डी.डी.आर.एस. इत्यादि जैसी विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत भारत सरकार से सहायता अनुदान पाने वाले संगठनों का निरीक्षण करता है। लाभार्थियों की वास्तविक जांच की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है।

1.10.4 राज्यों तथा संघ क्षेत्रों में निःशक्त जनों के लिए आयुक्तों के कार्य का समन्वय करना मुख्य आयुक्त निःशक्त जन के प्रमुख कार्यों में से एक है। राज्य आयुक्त निःशक्तजनों के लाभ के लिए कार्यक्रमों तथा योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु राज्य सरकारों के सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हैं। मुख्य आयुक्त निःशक्त जन का कार्यालय आयुक्त के साथ बैठकों तथा परस्पर क्रिया के माध्यम से राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों द्वारा अधिनियम की विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों और प्रावधानों के कार्यान्वयन की प्रगति के बारे में सूचना एकत्र करता है।

1.10.5 मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन का कार्यालय, आयुक्तों के कार्य के समन्वय तथा निःशक्त जन अधिनियम, 1995 के कार्यान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से आयुक्तों की वार्षिक रूप से एक राष्ट्रीय बैठक आयोजित करता है। इसमें राज्य आयुक्त गण वर्ष के दौरान निःशक्तता के क्षेत्र में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के कार्य तथा उनके द्वारा की गई पहलों तथा उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करता है। बैठक के दौरान आयुक्तगण सूचना तथा विचारों के आदान–प्रदान का अवसर प्राप्त करते हैं। इससे उन्हें अधिनियम तथा योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन में प्रभावी रूप से योगदान करने में भी सहायता मिलती है। विभिन्न राज्यों / संघ क्षेत्रों में जो अच्छे कार्य होते हैं, उन्हें दूसरों द्वारा अनुसरण के लिए बैठक में परिचालित किया जाता है।

1.10.6 राज्य आयुक्तों की 11वीं वार्षिक बैठक, जो कि फरवरी / मार्च के महीने में निर्धारित की गई थी, कुछ राज्यों में विधान सभा चुनावों के आयोजन के कारण जून, 2012 में आयोजित की जा सकी।

1.10.7 मुख्य आयुक्त – निःशक्तजन के कार्यालय ने केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में निःशक्तता पर अलग से अध्याय जोड़ने के लिए प्रेरित किया। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप, 16 मंत्रालयों/विभागों, जैसे–नागरिक विमानन मंत्रालय, वाणिज्य तथा उद्योग, सूचना तथा प्रसारण, मानव संसाधन विकास, अल्पसंख्यक मामले, सड़क परिवहन तथा राजमार्ग, ग्रामीण विकास, जनजाति मामले, शहरी विकास, जल संसाधन तथा परमाणु ऊर्जा विभाग, डाक, संचार, उपभोक्ता मामले तथा आयुष विभागों ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में निःशक्तजनों पर अलग अध्याय जोड़ा है। वर्ष, 2010–11 तक केवल 9 मंत्रालयों/विभागों ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में अलग अध्याय जोड़ा था।

1.10.8 मुख्य आयुक्त – निःशक्त जन के कार्यालय ने कार्यशाला, सेमिनार, सम्मेलन तथा बैठकों के आयोजन द्वारा निःशक्त व्यक्तियों को समावेशी शिक्षा तथा रोजगार उपलब्ध कराने, बाधारहित वातावरण बनाने जैसे विभिन्न निःशक्तता संबंधित मुद्दों के बारे में विशेष तौर पर जागरूकता बढ़ाने में भी पहल की।

1.10.9 मुख्य आयुक्त – निःशक्तजन के कार्यालय ने निःशक्त व्यक्तियों के लिए बाधा रहित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सरकारी कार्यालयों, भवनों, अस्पतालों, स्टेडियम, विपणन केन्द्रों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, बस अड्डों, धार्मिक स्थलों आदि की जांच की भी पहल की और अपेक्षित संशोधन हेतु संबंधित प्राधिकरण के साथ संपर्क किया।

अध्याय 2

2.1 कार्य योजना तथा पहलें

2.1.1 मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन के कार्यालय ने उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए वर्ष, 2011–12 के लिए अधोलिखित कार्य योजना बनाई। कार्य योजना गतिविधियों के उन विस्तृत क्षेत्रों की ओर संकेत करती है, जो वर्ष के दौरान फोकस के लिए प्रस्तावित किए गए और उन पर कार्यवाही की गई।

अप्रैल-जून, 2011

विषय	गतिविधि	स्थान	स्थिति
निधियों के उपयोग की मानीटरिंग	• डी.डी.आर.एस., ए.डी.आई.पी., डी.डी.आर.सी. आदि के अन्तर्गत सामाजिक न्याय तथा आधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी निधि के उपयोग की जांच दो राज्यों / संगठनों में की जाएगी।	आंध्र प्रदेश / उ.प्र. / एन.सी.आर.	समाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय से डी.डी.आर.एस. के अन्तर्गत अनुदान पाने वाले आंध्र प्रदेश के तीन संगठनों का निरीक्षण किया गया।
बाधायुक्त वातारण पर कार्यशाला	• बाधायुक्त वातावरण तथा एक्सेस आडीटर्स के पूल के सृजन पर एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी।	आयुक्त निःशक्तता से परामर्श करके स्थान का निर्णय किया।	आयोजित नहीं की जा सकी।
वार्षिक रिपोर्ट की तैयारी	• वार्षिक रिपोर्ट 2009–10 का अन्तिम प्रारूप मुद्रण तथा हिन्दी अनुवाद के लिए तैयार किया जाएगा। • वार्षिक रिपोर्ट, 2010–11 के लिए तैयारी का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।	–	उचित कार्यवाही की गई।
एक्सेस आडिट	• एक सार्वजनिक स्थान/संगठन की सुगम पहुंच की जांच की जाएगी।	दिल्ली / एन.सी.आर.	आयोजित नहीं की जा सकी।

अप्रैल-जून, 2011

विषय	गतिविधि	स्थान	स्थिति
निःशक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन स्थिति की पुनरीक्षा	• दो राज्यों में निःशक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति की पुनरीक्षा की जाएगी।	राजस्थान	राजस्थान में निःशक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति की पुनरीक्षा की गई।

जुलाई-सितम्बर, 2011

विषय	गतिविधि	स्थान	स्थिति
निधियों के उपयोग की मानीटरिंग	• डी.डी.आर.एस., ए.डी.आई.पी., डी.डी.आर.सी. आदि के अन्तर्गत सामाजिक न्याय तथा आधिकारिता मंत्रालय द्वारा वितरित निधि के उपयोग की जांच दो राज्यों / संगठनों में की जाएगी।		सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ए.डी.आई.पी. योजना के लाभार्थियों का सत्यापन हरियाणा तथा उत्तराखण्ड के कुछ जिलों में किया गया।
वार्षिक रिपोर्ट की तैयारी	• वार्षिक रिपोर्ट 2010–11 की सूचना डाटा समेकित किया जाएगा और प्रथम प्रारूप तैयार किया जाएगा।		उचित कार्यवाही की गई।
एक्सेस आडिट	• एक सार्वजनिक स्थान / संगठन की सुगम पहुंच की जांच की जाएगी।	एन.सी.आर. / दिल्ली	सफदरजंग अस्पताल की कैजुअल्टी, पी.एम.आर. तथा जरा चिकित्सा विभाग की सुगम पहुंच की दृष्टि से जांच की गई।
निःशक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन स्थिति की पुनरीक्षा	• निःशक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति की पुनरीक्षा दो राज्यों में की जाएगी।	पश्चिम बंगाल / उड़ीसा	आयोजित नहीं की जा सकी।
जगरूकता तथा जानकारी	• निःशक्तता मुद्दों पर एक सेमीनार आर.सी.आई./एन.आई./राज्य आयुक्तों के सहयोग से किया जाएगा।	सहभागी संगठनों के विचार विमर्श से स्थान निश्चित किया जाएगा।	आयोजित नहीं किया जा सका।

जुलाई-सितम्बर, 2011

विषय	गतिविधि	स्थान	स्थिति
रोजगार	• फिक्की, सी.आई.आई., पी.एच.डी. चैम्बर ऑफ कामर्स तथा ऐसोचेम आदि के माध्यम से कारपोरेट सैक्टर को निःशक्त जनों को रोजगार देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। • एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण के कार्यान्वयन हेतु डी.ओ.पी.टी. के अनुदेशों को अपनाने के लिए राज्य सरकारों से अनुरोध किया जाएगा।		उचित कार्यवाही की गई।

अक्टूबर-दिसम्बर, 2011

विषय	गतिविधि	स्थान	स्थिति
निधियों के उपयोग की मानीटरिंग	• डी.डी.आर.एस., ए.डी.आई.पी., डी.डी.आर.सी. आदि के अन्तर्गत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वितरित निधि के उपयोग की मानीटरिंग दो राज्यों / संगठनों में की जाएगी।	–	आयोजित नहीं की जा सकी
वार्षिक रिपोर्ट की तैयारी	• वार्षिक रिपोर्ट 2010–11 के प्रारूप को अन्तिम रूप दिया	–	उचित कार्यवाही की गई।
एक्सेस आडिट	• सुगम पहुंच के लिए एक सार्वजनिक स्थान / संगठन की जांच की जाएगी।	–	आनन्द विहार बस अड्डा तथा भारतीय जीवन बीमा निगम भवन, लक्ष्मी नगर की सुगम पहुंच के लिए जांच की गई।
निःशक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति का पुनरीक्षा	• दो राज्यों में निःशक्त जन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति की पुनरीक्षा की जाएगी।		आयोजित नहीं की जा सकी।
बाधायुक्त वातावरण पर कार्यशाला।	• बाधायुक्त वातावरण तथा एक्सेस आडीटर्स के पूल के सर्जन पर एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी।	आयुक्त निःशक्ता के परामर्श से स्थान निश्चित किया जाएगा।	

जनवरी–मार्च, 2012			
विषय	**गतिविधि**	**स्थान**	**स्थिति**
निधियों के उपयोग की मानीटरिंग	• डी.डी.आर.एस., ए.डी.आई.पी., डी.डी.आर.सी. आदि के अन्तर्गत सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी निधियों के उपयोग की मानीटरिंग दो राज्यों / संगठनों में की जाएगी।	–	समाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय से डी.डी.आर.एस. के अन्तर्गत अनुदान प्राप्त कर रहे हरियाणा में एक संगठन का निरीक्षण किया गया।
एक्सेस आडिट	• सुगम पहुंच के लिए एक सार्वजनिक स्थान / संगठन की जांच की जाएगी।		इंडियन स्पाइनल इंजरीज सैन्टर, नई दिल्ली में आयोजित ''भारत में निःशक्त पैदल चलने वालों के लिए सड़कों की डिजाइन'' सम्मेलन के भागीदारों को संबोधित किया गया।
निःशक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति की पुनरीक्षा	• दो राज्यों में निःशक्त जन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति की पुनरीक्षा की जाएगी।	–	कर्नाटक तथा आसाम में निःशक्त जन अधिनियम के कार्यान्वयन की पुनरीक्षा की गई।
जागरूकता तथा जानकारी	• निःशक्तक्ता मुद्दों पर एक सेमिनार आर.सी.आई./एन.आई./राज्य आयुक्त निःशक्तता के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।	सहभागी संगठन के परामर्श से स्थान निर्धारित किया जाएगा।	• फरवरी, 2012 में राज्य आयुक्त निःशक्तता, झारखंड के सहयोग से वृहत जागरूकता तथा शिकायत कैम्प आयोजित किया।
अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति की पुनरीक्षा, योजनाओं आदि के लिए बैठक	• निःशक्तजन अधिनियम की कार्यान्वयन की पुनरीक्षा के लिए राज्य आयुक्तों की वार्षिक बैठक की जाएगी।		विधान सभा चुनावों के कारण इस तिमाही में वार्षिक पुनरीक्षा बैठक आयोजित नहीं की जा सकी। तथापि बैठक जून, 2012 में आयोजित की गई।

2.1.2 पिछले वर्षों के दौरान निःशक्त जन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में और सरकार तथा स्थानीय प्राधिकरणों के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों से निःशक्त जनों की पात्रता के प्रति उनमें, उनके अभिभावकों, परिवारों, सिविल सोसायटी, निःशक्तता के क्षेत्र में कार्य कर रहे संगठनों में जागरूकता बढ़ी है। मुख्य आयुक्त के कार्यालय ने विभिन्न तरीके अपनाकर समस्त देश के स्टेक

होल्डरों के बीच ऐसी जागरूकता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

2.1.3 परिणामस्वरूप, औपचारिक तथा अनौपचारिक शिकायतों, प्रतिवदेनों, सूचना प्राप्त करने के बारे में मुख्य आयुक्त कार्यालय के सीमित संसाधनों पर दावा विविध रूप से बढ़ा है। निःशक्तता संबंधी मुद्दों पर गठित विभिन्न समितियों, सरकारी एवं कारपोरेट/गैर सरकारी क्षेत्र के सम्मेलनों तथा प्रशिक्षण कार्यशालाओं के आयोजनों से मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन तथा विविध शेयर धारकों के बीच संवाद भी बढ़ा है।

2.1.4 मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन के कार्यालय ने सीमित संसाधनों से ही अपने विधिक दायित्वों का निष्पादन करने का प्रयास किया है। वर्ष, 1998 में इस कार्यालय में मुख्य आयुक्त की सहायता के लिए 02 उप मुख्य आयुक्तों, 02 डैस्क अधिकारियों, 13 सचिवालयीन/लिपिक वर्गीय कर्मचारियों, 01 ड्राइवर तथा 03 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की स्वीकृति हुई थी। परंतु पिछले 14 वर्षों से अधिकारियों तथा कर्मचारियों की संख्या में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई, जबकि कार्य बहुत बढ़ गया है। इसी कारण केंद्र सरकार द्वारा संवितरित निधि के उपयोग की मानीटरिंग तथा राज्य आयुक्तों के कार्य का समन्वय बहुत सीमित स्तर पर ही हो सका और इस वर्ष में कोई कार्यशाला भी आयोजित नहीं की जा सकी। इस कार्यालय को वर्ष, 2011–12 के लिए 'गैर योजना शीर्ष' के अंतर्गत रु. 2.275 करोड़ आबंटित किए गए।

2.1.5 मुख्य आयुक्त–कार्यालय के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए इसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण रूपेण मजबूत बनाने की आवश्यकता है। यह नितांत आवश्यक है, जिससे यह अपने विधिक कार्यों का निष्पादन करने में सक्षम हो सके और देश में निःशक्त व्यक्तियों की अपेक्षाओं को पूरा करने में समर्थ हो सके। इसी प्रकार राज्यों में निःशक्त जन आयुक्तों के कार्यालयों को भी मानवोचित तथा अन्य सुविधा उपलब्ध कराते हुए सशक्त बनाने की जरूरत है।

2.2 मुख्य आयुक्त-निःशक्तजन के कार्यालय द्वारा अंगीकृत प्रमुख गतिविधियां-

¼d½ vk;Drk d s dk;Z dk leUo; vkSj vf/kfu;e d s dk;kZUo;u dh iqujh{kk

2.2.1 मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन कार्यालय ने निःशक्तजन अधिनियम, 1995 के कार्यान्वयन की पुनरीक्षा कर्नाटक में 28 जनवरी, 2012 तथा आसाम में 17 तथा 18 फरवरी, 2012 को की।

2.2.2 निःशक्त जन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति की पुनरीक्षा के लिए, जो वार्षिक राष्ट्रीय बैठक, फरवरी, 2012 में आयोजित की जानी निश्चित थी, वह विधान सभा चुनाव, 2011 के कारण वर्ष 2011–12 के दौरान आयोजित नहीं की जा सकी। तथापि यह बैठक 13 तथा 14 जून, 2012 को आयोजित की गई।

¼[k½ vf/kfu;e d s dk;kZUo;u dh fLFkfr dh iqujh{kk d s fy, eq[; vk;qDr&fu%'kDr tu rFkk mieq[; vk;qDr dk jkT; nkSjkA

2.2.3 मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन तथा उपमुख्य आयुक्त ने कर्नाटक, राजस्थान में अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति की पुनरीक्षा की। मुख्य आयुक्त निःशक्तजन ने अपने सभी दौरों में बेहतर नतीजे सुनिश्चित करने के लिए अनुवर्ती फॉरमेट अपनाया। प्रारंभ में मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन ने आयुक्त तथा समाज कल्याण विभाग के सचिव / प्रधान सचिव तथा विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति के बारे में विचार विमर्श किया। इसके बाद

प्रत्येक सम्बन्धित विभाग के सम्बन्ध में स्थिति की पुनरीक्षा की, जिसे संयुक्त बैठक में सम्बन्धित सचिव / निदेशक द्वारा पुनः प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में, जो उच्च स्तर पर अन्तर विभाग समन्वय तथा हस्तक्षेप में शामिल है, मुख्य आयुक्त निःशक्त जन मुख्य सचिव से मिले और कुछ मामलों में मुख्यमंत्री से भी मिले ताकि मुद्दों पर सर्वोच्च स्तर पर ध्यान आकर्षित हो सके। प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक रही और कई राज्यों में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों का हल निकाला गया। मुख्य आयुक्त निःशक्तजन मुख्य सचिव / मुख्यमंत्री से बैठक के बाद आयुक्त निःशक्तजनों उनकी देखभाल करने वाले माता–पिता, निःशक्तता क्षेत्र के स्वयंसेवी संगठनों के साथ परस्पर प्रभावों के बारे में प्रेस मीटिंग द्वारा अभिप्राय स्पष्ट किया। यह फॉरमेट जागरूकता के सृजन, कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में सूचना के प्रचार तथा संबंधित पदाधिकारियों द्वारा बेहतर कार्यान्वयन के लिए उचित कार्यवाही में बहुत प्रभावी सिद्ध हुआ।

¼x½ fuf/k dk mi;ksx dh ekuhVfjax

2.2.4 मुख्य आयुक्त निःशक्तजन के कार्यालय ने निधियों के उपयोग की मानीटिरिंग के लिए आंध्र प्रदेश, हरियाणा तथा उत्तराखंड राज्यों में 7 संगठनों का निरीक्षण संपादित किया, जिन्होंने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से सहायता अनुदान प्राप्त किया था। मानीटरिंग टीम ने अपनी रिपोर्ट उचित कार्यवाही के लिए सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय को भेज दी।

¼?k½ tkx:drk c<+kuk

2.2.5 निःशक्तजनों के लिए एक विशाल जागरूकता तथा शिकायत निवारण कैम्प राज्य आयुक्त निःशक्तजन, झारखण्ड के सहयोग से हजारी बाग जिले में 25.2.2012 को आयोजित किया गया। 345 व्यक्ति कैम्प में शामिल हुए और राज्य सरकार, विभागों तथा केन्द्रीय सरकार के संगठनों से संबंधित 5 शिकायतों का निवारण किया गया।

¼3½ ck/kk;qDr okrkoj.k

2.2.6 लम्बे समय से बाधायुक्त वातावरण का सृजन मुख्य आयुक्त निःशक्तजन कार्यालय की एक महत्वपूर्ण फोकस क्षेत्र रहा है। निःशक्त व्यक्तियों को उनके लिए सुलभ विभिन्न सुविधओं की नियमित मानीटरिंग तथा सार्वजनिक स्थलों की केवल सुगम जांच ही नहीं की गई, बल्कि ऐसे स्थलों पर इनकी पहुंच को सुगम बनाने के लिए सहयोग भी किया गया। इससे निःशक्त व्यक्तियों के अधिकारों के समक्ष दूसरों के साथ बराबरी के स्तर पर लाने हेतु विभिन्न सेवा प्रदायकों तथा सहयोग के लिए तत्पर सभी सम्बन्धितों के बीच पर्याप्त जागरूकता बढ़ी। प्रतिवेदित वर्ष में मुख्य आयुक्त निःशकत जन कार्यालय ने सफदरजंग अस्पताल, आनन्द विहार बस टर्मिनल तथा जीवन बीमा निगम भवन, लक्ष्मीनगर की अभिगम जांच (एक्सेस आडिट) संपादित की तथा संबंधित प्राधिकरणों की आवश्यक संशोधनों की सिफारिश की। मुख्य आयुक्त निःशक्तजन ने निःशक्तजनों की पहुंच के लिए सुगमनीय, यू.टी.सी. एस., दिल्ली सरकार को प्रशिक्षण निदेशालय भवन बनाने के लिए अधीक्षण अभियंता (एम–23) लोक निर्माण विभाग, दिल्ली को निर्देश देते हुए एक आदेश भी पारित किया।

¼p½ fofHkUu ikf/kdj.kksa dk e[; vk;qDr fu%'kDr tu dk;kZy; }kjk iLrkfor ;kstukc) l/kkj%

(i) राज्य तथा केन्द्र सरकार में निःशक्त कर्मचारियों का सर्वेक्षण, निःशक्त महिलाओं के विशेष संदर्भ में :

प्रस्तावित सर्वेक्षण का प्राथमिक उद्देश्य/लक्ष्य है, सामान्य में निःशक्त कर्मचारियों की स्थिति/संख्या का पता लगाना और विशेष रूप से राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार में निःशक्त महिलाओं के प्रतिनिधित्व के स्तर को भी समझना।

(ii) आयुक्त निःशक्तजन का वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना तथा उसे राज्य विधान सभा के समक्ष रखना; यह देखा गया है कि राज्य सरकार द्वारा निःशक्त अधिनियम की धारा 65 का अनुपालन नहीं किया जाता है, इसलिए अधिनियम की धारा 65 के प्रावधानों के विधिवत अनुपालन के अनुदेश जारी किए गए हैं।

(iii) स्वतंत्र प्रभार सहित पूर्णकालिक आयुक्त की नियुक्ति और प्राथमिकता के आधार पर पोषक व्यवस्था; यह देखा गया है कि अधिकांश मामलों में राज्य सरकारें पूर्ण कालिक आयुक्त नियुक्त नहीं किया और न निःशक्तजन आयुक्त को पर्याप्त स्टाफ, पोषक व्यवस्था तथा अवसंरचना उपलब्ध कराई गई, जिससे आयुक्त अतिरिक्त प्रभार सहित निःशक्तजन अधिनियम, 1995 की धारा 65 के शाासनादेश के अनुसार कार्य करने में बाधा महसूस करता है। इसलिए राज्य सरकारों से स्वतंत्र प्रभार सहित पूर्ण कालिक आयुक्त नियुक्त करने और उन्हें पर्याप्त स्टाफ, आवश्यक पोषक व्यवस्था, संरचना तथा आयुक्त को बजट आवंटन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है तथा आयुक्त का पद राज्य सरकार के प्रधान सचिव / सचिव के स्तर का तथा वेतनमान में होना चाहिए।

(iv) सुगम पहुंच के मानकों तथा दिशा–निर्देशों का अनुपालनः निःशक्तजन अधिनियम की धारा 44, 45 तथा 46 निःशक्त जनों को सड़क पर, निर्मित वातावरण में तथा परिवहन में बाधामुक्त पहुंच सुनिश्चित करती है। तथापि यह देखा गया है कि शहरी विकास मंत्रालय तथा इस कार्यालय द्वारा प्रतिज्ञापित सुगम पहुंच के मानकों तथा दिशा–निर्देशों का अभी तक पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए राज्य सरकारों से अपेक्षा है कि वे निःशक्त जनों को बाधायुक्त पहुंच सुलभ कराने के उद्देश्य के लिए प्रत्येक विभाग में बजट प्रावधानों सहित सुगम पहुंच के मानकों तथा दिशा–निर्देशों को लागू करने के लिए ठोस तथा समयबद्ध कदम उठाएं तथा अंतिम वैब सार सुगम पहुंच दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए सभी सरकारी वैबसाइट सुगमनीय भी बनाएं।

(v) निःशक्तजन अधिनियम, 1995 की धारा 40 के कार्यान्वयन के संबंध में, राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे निःशक्तजन अधिनियम, 1995 की धारा 40 के अनुसार निःशक्तजनों के पक्ष में सभी गरीबी उन्मूलन योजनाओं में कम से कम 3 प्रतिशत के आरक्षण से सम्बन्धित प्रावधानों को गम्भीरता से कार्यान्वित करें तथा लिंग, निःशक्तता की श्रेणी, एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी./सामान्य आदि द्वारा विभिन्न स्तरों पर निःशक्त लाभार्थियों का डाटा बेस बनाएं तथा उक्त प्रावधानों के कार्यान्वयन की अनदेखी के लिए मानीटरिंग तन्त्र लागू करें।

(vi) निःशक्त जनों के पक्ष में उच्चतर आयु सीमा में छूट के सम्बन्ध में : यह देखा गया है कि निःशक्त व्यक्ति, निःशक्तता रहित व्यक्तियों की तुलना में औसतन देरी में नियुक्ति प्राप्त करते हैं। इसलिए सभी राज्य सरकारों तथा केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि निःशक्तजन अधिनियम, 1995 की धारा 38(बी) के आदेश के अनुसार निःशक्त व्यक्तियों को भर्ती तथा सेवानिवृत्ति दोनों में उच्चतर आयु सीमा में छूट प्रदान करें।

(vii) ''हैंडीकैप'' अभिव्यक्ति के प्रयोग पर पाबंदीः राज्य सरकारें, सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता

मंत्रालय तथा कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग ने सूचित किया है कि ''हैंडीकैप'' अभिव्यक्ति निःशक्त जन के सम्मान को ठेस पहुंचाती है तथा अन्य ऐसी अभिव्यक्ति ''विविध रूप से सक्षम'' को भी तो हतोत्साहित किया जाना चाहिए, जबकि गुणवत्ता आयामों को उन्नत करने की आवश्यकता है, ऐसे समय में यह विविधता पूर्ण आयाम पर अरुचिकर ढंग से प्रभाव डालती है। इसलिए विकलांग तथा इस प्रकार नीचा दिखाने वाले शब्दावली पर पाबंदी लगाने का अनुरोध किया गया है। यह सुझाव भी दिया गया है कि ऐसे व्यक्ति को ''निःशक्त जन'' के रूप में पुकारा जाए या स्थिति के अनुसार 'नेत्रहीन व्यक्ति', 'वाक् तथा श्रवण बाधित व्यक्ति' 'चलन निःशक्त व्यक्ति' आदि, जहां जैसा आवश्यक और उपयुक्त हो।

(viii) निःशक्तजन अधिनियम, 1995 के अन्तर्गत समन्वय तथा मानीटरिंग तन्त्र को मजबूत बनाना; यह देखा गया है कि उचित तन्त्र की आवश्यकता के लिए निःशक्तजन अधिनियम, 1995 की धारा 61 में आदेश के अनुसार उचित तन्त्र के अभाव में समन्वय तथा मानीटरिंग कार्य कई राज्य आयुक्त निःशक्तता द्वारा संपादित नहीं किए जा रहे हैं। इसलिए राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया कि उपयुक्त क्षेत्र में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को त्वरित तथा सुसाध्य बनाएं और प्रभावी समन्वय तथा मानीटरिंग तन्त्र विकसित करें।

(ix) प्रत्येक राज्य द्वारा निःशक्त जन पर अलग राज्य नीति का बनाना : यह देखने में आया है कि केवल बहुत कम राज्यों / संघ क्षेत्रों ने निःशक्तता पर कुछ अलग प्रकार की नीति बनाई है, अधिकतर ने ऐसा नहीं किया। राज्य सरकारों से अनुरोध है कि वे निःशक्त जनों पर प्रगतिशील और दूरगामी नीति बनाएं, जो यू.एन.सी.आर.पी.डी. के अनुरूप हो। बहुत कम राज्य / संघ क्षेत्र, जिन्होंने पहले निःशक्तता पर किसी प्रकार की नीति बनाई है, उनसे भी अनुरोध हे कि विद्यमान नीति को संशोधित करें तथा निःशक्तजनों पर राज्य / संघ क्षेत्र नीति द्वारा रूपान्तरित करें, जो यू.एन.सी.आर.पी.डी. के साथ समरस हो।

(x) नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा तथा अन्य राज्य अधीनस्थ सेवाओं की पहचानः सभी राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि नेत्रहीन व्यक्ति विधि सम्मत पात्रता के लिए वंचित नहीं है, उन पर आरक्षण के उद्देश्य के लिए राज्य प्रशासनिक सेवाओं तथा अन्य राज्य अधीनस्थ सेवाओं के लिए गम्भीरता से विचार किया जाए और पदों की पहचान का उक्त प्रावधान आवेदन करने तथा प्रतियोगी होने से किसी निःशक्त व्यक्ति को नहीं रोकता है, चाहे पद निरपेक्ष के साथ में चिन्हित हो या उसकी लिखित परीक्षा या साक्षात्कार पास करने की शर्त पर न हो।

¼N½ e[; vk;Dr fu%'kDr tu dk;kZy; dh igy d dN ifj.kke %

(i) मुख्य आयुक्त निःशक्तजन के परामर्श पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पांडिचेरी विश्वविद्यालय द्वारा निःशक्त छात्रों को शुल्क में छूट देने तथा निःशुल्क आवास तथा परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की सूचना परिचालित की है तथा सभी अन्य विश्वविद्यालयों तथा विद्यालयों से अनुरोध किया है कि वे भी अपने विश्वविद्यालयों / विद्यालयों में निःशक्त छात्रों को इसी प्रकार की सुविधा प्रदान करें।

(ii) हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश ने 'हैंडीकैप' शब्द के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

अध्याय
3

केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा निःशक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति

मुख्य आयुक्त–निःशक्तजन का कार्यालय अपने विभागों में निःशक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय मंत्रालयों / विभागों को लगातार अभिप्रेरित करता रहा है और उनके विभागों द्वारा की गई कार्यवाही पर प्रकाश डालते हुए अपनी वार्षिक रिपोर्ट में अलग अध्याय जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया। इसके अनुपालन में 15 मंत्रालयों / विभागों, जैसे नागरिक विमानन मंत्रालय, वाणिज्य तथा उद्योग, सूचना तथा प्रसारण, अल्प संख्यक मामले, विद्युत, सड़क परिवहन तथा राजमार्ग, ग्रामीण विकास, जन जाति मामले शहरी विकास, जन संसाधन, तथा परमाणु ऊर्जा विभाग, डाक, संचार, उपभोक्ता मामले, आयुष ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में निःशक्त जनों के सम्बन्ध में अलग अध्याय / सार संक्षेप जोड़ा।

केंद्रीय मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा निःशक्त जनों के लिए विस्तृत विभिन्न सुविधाओं के संबंध में मुख्य–मुख्य बातें नीचे दी गई हैं–

3.1 lpkj rFkk lpuk iks|kfxdh e=ky;

3.1.1 nj lpkj foHkkx

- दूर संचार विग्भाग ने शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को नियुक्ति में आरक्षण उपलब्ध कराया और इस सम्बन्ध में भारत सरकार के निर्देशों का पालन किया।
- विभाग के आई.पी. तथा टी.ए.एफ. सेवा ने हाल ही में राष्ट्रीय दृष्टि बाधितार्थ विकलांग संस्थान (एन.आई.वी.एच.) की सिफारिशों के आलोक में इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है कि निःशक्तजन अधिनियम, 1995 की धारा 2 (यू) में दी गई परिभाषा के अनुसार कम दृष्टि (एल.वी.) वाले व्यक्ति को कैडर में लिया जा सकता है।
- 7 सितम्बर, 2011 को सम्पूर्ण सेवा दायित्व निधि ने ग्रामीण भारत में निःशक्त जनों के लिए आई. सी.टी. अधिकारित सेवाओं हेतु पहुंच के लिए इसकी पायलट प्रोजेक्ट योजना पर स्टेकहोल्डर्स की एक बैठक आयोजित की। इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण सहायक तकनीक (ए.टी.) सहित समर्पित आई.सी.टी. केन्द्रों, निःशक्तजनों के लिए पुनर्वास या व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों, गांवों में सुगमनीय सार्वजनिक पहुंच बिन्दुओं तथा पुंजित या बिना पुंजित तत्व के विशेष हैंड सैटों नामक पायलट परियोजनाओं की तीन

श्रेणियों के लिए आवेदन पत्र मंगाने का प्रस्ताव किया गया है।

- इस योजना के माध्यम से, सुगमनीय दूर संचार के लिए, जो कि वर्तमान में सूत्रीकरण के अन्तर्गत है, यू.एस.ओ.एफ. को आशा है कि इससे निःशक्त जनों के आर्थिक अधिकारिता तथा सामाजिक राजनीतिक समावेशन में सहायता मिलेगी। यह भी आशा की गई कि सफल प्रदर्शन से, प्रयोक्ताओं का सकारात्मक प्रभाव तथा उपयोग होगा। यह योजना ग्रामीण निःशक्तजनों के लिए सुगमनीय फोरमेट तथा क्षेत्रीय भाषाओं में सहायक तकनीकों के विकास तथा उचित संतोष को प्रोत्साहन देगी। यह आशा की गई है कि इस योजना की सफलता से व्यापक स्तर स्टेकहोल्डरों पर ऐसी पहलों को आगे लाने में प्रेरणा मिलेगी।

3.1.2 lUVj Qkj Moyiesa V vkQ VsyhefVd ¼lh&MkV½

- सी–डॉट निःशक्त जनों के लिए नौकरियों में आरक्षण के सम्बन्ध में भारत सरकार के दिशा–निर्देशों का अनुपालन करता है।
- सी डॉट के दिल्ली स्थित परिसर इस प्रकार बनाया गया है, ताकि निःशक्त जनों के लिए बाधामुक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके। मुख्य प्रवेश / विकास सीढ़ीनुमा प्रवेश के साथ रैम्प के माध्यम से उपगमन हो सकता है। निःशक्त जन एक विंग से दूसरी विंग में मुख्य रूप से जा सके, इस सुविधा के लिए विभिन्न कार्य क्षेत्रों को जोड़ने वाले एलिवेटर भी लगाए गए हैं।

3.1.3 Hkkjr lapkj fuxe fyfeVM ¼ch-,l-,u-,y-½

- बी.एस.एन.एल. में 534 निःशक्त व्यक्तियों को नौकरी दी गई है।
- दृष्टिगत नेत्रहीन व्यक्ति अपने टेलीफोन पर निम्नलिखित रियायत के पात्र हैं–

किराये में छूट : सामान्य किराये का 50 प्रतिशत

अग्रिम किराया : सामान्य अग्रिम किराये का 50 प्रतिशत

सामान्य ग्राहकों के लिए जो लागू है।

पंजीकरण : नान ओ.वाई.टी. विशेष श्रेणी के अन्तर्गत स्वीकार्य

उपयुक्त रियायत प्राप्त करने के लिए 'दृष्टिगत नेत्रहीन प्रमाण–पत्र' जिला स्तर या उससे ऊपर के सरकारी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी / चिकित्सा अधीक्षक। नेत्र रोग विज्ञान सर्जन द्वारा जारी तथा प्रमाणित किया जाना चाहिए। पहले से टेलीफोन सुविधा प्राप्त कर रहे नेत्रहीन आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर किराये में छूट प्राप्त कर सकते हैं, रियायत श्रेणी में परिवर्तन की तिथि से प्रभावी होगी।

3.1.4 egkuxj VsyhQksu fuxe fyfeVM ¼,e-Vh-,u-,y-½

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड ने हमेशा इस क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली कार्य योजनाओं में परिवर्तन तथा निष्पादन करके निःशक्त जनों की सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए प्रयास किए हैं। निगम में 31 दिसम्बर, 2011 की तिथि को 202 निःशक्त कर्मचारी हैं।

अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने में एम.टी.एन.एल. द्वारा उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं :

- विभिन्न धाराओं में अधिकारियों की भर्ती में भारत सरकार के नियमों के अनुसार आरक्षण के प्रावधान किए गए हैं।

- शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को जीविका उपलब्ध कराने के लिए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पी.सी.ओ. आवंटित किए गए हैं और उन्हें दूसरों की 20 प्रतिशत के समक्ष 22 प्रतिशत कमीशन दिया गया है।
- आगे पी.सी.ओ. के आवंटन में देरी से बचने के लिए उन्हें सी.डी.एम.ए. / जी.एस.एम. प्रोद्योगिकी पर आधारित मोबाइल बूथ प्रदान किए जा रहे हैं।

3.1.5 vkb-Vh-vkb- fyfeVM

आई.टी.आई. लिमिटेड सामाजिक रूप से जागरूक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के नाते, प्रारंभ से ही कर्मचारियों के कल्याण की संकल्पना के प्रति समर्पित रहा है। निःशक्त व्यक्तियों के कल्याण को उचित महत्व दिया है। इसमें 30 सितम्बर, 2011 की तिथि को 124 शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति कार्यरत हैं। निःशक्त जनों को प्रदान की जा रही सुविधाएं निम्नलिखित हैं :

- शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति, जो टाउनशिप में रह रहे हैं, उन्हें मूल वेतन के 5 प्रतिशत की दर से विशेष भत्ता दिया जाता है, बशर्ते कि वह अधिकतम रु. 75/– प्रतिमास हो।
- वे कर्मचारी जो कम्पनी की टाउनशिप में नहीं रह रहे हैं, परन्तु अपने निवासत तथा फैक्टी के बीच आने–जाने के लिए कंपनी के वाहन का इस्तेमाल कर रहे हैं, उनहें मूल वेतन के 5 प्रतिशत की दर से विशेष भत्ता दिया जाता है, बशर्ते कि वह अधिकतम रु. 100/– हो।
- शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों को शिफ्ट शुरू होने तथा शिफ्ट समाप्त होने के दौरान क्रमशः अन्दर आने तथा बाहर जाने के लिए 10 मिनट छूट के समय की अनुमति दी गई है। उन्हें बिना बारी के आधार पर क्वार्टर आवंटित किए जाते हैं।
- आई.टी.आई., सरकार के निर्देशों के अनुसार भर्ती में विकलांगों के लिए 3% (1% ओ.एच. के लिए, 1% वी.एच. के लिए तथा 1% एच.एच. के लिए) आरक्षण बरकरार रख रहा है और जहां कहीं लागू है, पदोन्नति में भी आरक्षण दिया जा रहा है।
- शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के मामले में, कम्पनी ग्रुप सी तथा ग्रुप डी पदों के लिए भर्ती में आयु में 10 वर्ष की छूट तथा ग्रुप ए तथा ग्रुप बी के पदो ंके मामले में आुय में 5 वर्ष की छूट प्रदान कर रहा है। एस.सी./एस.टी. / ओ.बी.सी. से सम्बन्धित उम्मीदवारों के मामले में ग्रुप ए तथा ग्रुप जी के पदो ंके लिए उन्हें आयु में एस.सी./एस.टी. के लिए 5 वर्षों की अतिरिक्त छूट तथा ओ.बी.सी. को 3 वर्ष की अतिरिक्त छूट दी जाती है।
- शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों को व्यावसायिक कर से पूर्णतया छूट प्रदान की जाती है, बशर्ते कि सरकारी डाक्टर का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया हो।
- शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों को कम्पनी में किसी नौकरी के लिए आवेदन करने के लिए किसी प्रकार का आवेदन शुल्क अदा करने की आवश्यकता नहीं है।

3.1.6 Vyhd EI;fud'kUl dUlYVUVl bfM;k fyfeVM ¼Vh-lh-vkb-,y-½

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के एक उपक्रम के रूप में टी.सी.आई.एल. से निःशक्तजनों के लिए 3 प्रतिशत की सीमा तक भर्ती में आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन अपेक्षित है।

शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए तीन श्रेणियों में दिया जाता है–जो दृष्टिबाधित, विकलांग चिकित्सा सम्बन्धी निःशक्त (ऑर्थोपेडिकली डिस्एबल) तथा श्रवण बाधित तीनों श्रेणियों में प्रत्येक के लिए 1 प्रतिशत है।

टी.सी.आई.एल. अपने कर्मचारियों के लिए निःशक्त मैत्रीपूर्ण कार्य स्थल उपलब्ध करा रहा है और सुरक्षा मानक सख्ती से लागू किए गए हैं तथा संगठन दूसरे कर्मचारियों के बराबर सभी निःशक्त कर्मचारियों को समान अवसर उपलब्ध कराता है। शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवारों की त्वरित नियुक्ति व्यापक स्तर पर करने का कार्य हाथ में लिया गया है, परन्तु अपर्याप्त आवेदकों तथा / या आवेदकों के निर्धारित मानकों में अपेक्षित छूट के स्तर तक न आ पाने के कारण यह कमी पूरी नहीं हो पा रही है।

3.1.7 byDVªkfud rFkk lpuk izkS|ksfxdh foHkkx

विविध रूप से सक्षम व्यक्तियों की अधिकारिता के लिए आई.सी.टी.

- नेत्रहीन व्यक्ति के लिए एक खुला स्त्रोत वेब ब्राउजर वाक सुविधा सहित नेत्रहीन के लिए एक वेब पेज में नौचालन विधा या डाटा एन्ट्री के लिए वाक् परिष्करण सहित एक खुले स्त्रोत वेब ब्राउजर के विकास की परिकल्पना की गई हैं। विषय निष्कर्षण इंजन (टैक्स्ट एक्सटेक्शन) सहित विकसित औजार : ब्रेल लिप्यंतरण पद्धति के लिए टैक्स्ट। वेब ब्राउजर के लिए ब्रेल चिन्हों से युक्त तथा खुला स्त्रोत अंग्रेजी टी.टी.एस. प्रक्रियाधीन है।
- संयोग (सेरेब्राल पाल्सी तथा वाक् बाधा से प्रभावित व्यक्तियों के लिए आइकॉनिक संचार टूल) के अन्तर्निहित रूपान्तर का विकास।

  इस परियोजना के अन्तर्गत उद्देश्यपरक आइकौनिक संचार अन्तराफलक बंगाली, हिन्दी तथा अंग्रेजी के लिए बढ़ाया गया है। उद्देश्यपरक आइकॉन चयन द्वारा सिस्टम सभी तीन भाषाओं में सरल वाक्यों का निर्माण कर सकता है। सिस्टम से विशेष एक्सेस स्विचों को जोड़ने के लिए एक यू.एस.बी. अल्तराफलक डिजाइन किया गया है। अन्तर्निहित संयोग लिनक्स आधारित पोर्टबल डिवाइस पर जांचा गया है। सहयोगी एजेन्सी एन.टी. खडगपुर है।
- नेत्रहीनता तथा कम दृष्टि युक्त व्यक्तियों की क्षमता बढ़ाने के लिए कान्टेण्ट जेनेरेशन

  स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर, दृष्टि बाधित व्यक्तियों को ब्रेल, ऑडियो, बड़े प्रिंट तथा ई–टैक्स्ट में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराकर, उन्हें आसानी से शिक्षा देकर मजबूत बनाने के लिए परियोजना हाथ में ली गई है। 184 शीर्षक (1915.5 घंटे) डेयसी ऑडियो बुक में परिवर्तित किए गए हैं तथा 44 बुकों (558 घंटे) संश्लेषात्मक ध्वनि में निर्मित किए गए हैं। सहयोगी एजेन्सी नेशनल एसोसिएशन फॉर दि ब्लाइन्ड (एन.ए.बी.) नई दिल्ली है।
- निःशक्तता क्षेत्र में एडुसेट आधारित चैनल 'नवशिखर' के अभिग्रहण के लिए देश के उत्तर–पूर्व क्षेत्र में 40 डी.आर.एस. (प्रत्यक्ष अभिग्रहण पद्धति) केन्द्रों की स्थापना :

  यह परियोजना ऊपर उल्लेखित निःशक्त व्यक्तियों को शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अधिकारिता प्रदान करने के लिए ''सेटेलाइट / इन्टरनेट पर आधारित राष्ट्रीय नेटवर्क'' परियोजना की सफलता के आधार पर चलाई गई हैं। सहयोगी

एजेन्सी आर.सी.आई., नई दिल्ली तथा आई.एस. आर.ओ. (इसरो) है।

- देश में 100 स्कूलों में 'पुनरज्जनी' का परिनियोजन

  आई.सी.टी. आधारित समन्वित मूल्यांकन औजार 'पुनरज्जनी' का सी–डेक तिरुवनन्तपुरम के सहयोग से मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के आसान, दक्ष, त्वरित तथा नियमित मूल्यांकन के लिए विशेष शिक्षकों को समर्थ बनाने हेतु विकास किया गया है। टूल पिछले दो सालों के लिए केरल राज्य में जांच के तौर पर परिनियोजित किए गए हैं। स्कूलों से प्रति पुष्टि अनुकूल रही हैं। एम.एल. एसिया ने सी–डेक तिरुवनन्तपुरम के सहयोग से पूरे देश के 100 विशेष स्कूलों में टूल के परियोजन का कार्य हाथ में लिया है। सहयोगी एजेन्सी सी–डेक तिरुवनन्तपुरम है।

- डिजिटल प्रोगामेबिल हीयरिंग ऐड (डी.पी.एच.ए.)

  सी–डेक तिरुवनन्तपुरम ने डी.पी.एच.ए. आधारित एक अनुप्रयोग विशेष समन्वित सर्किट (एप्लीकेशन स्पेसिफिक इन्टेग्रेटेट सर्किट्स) विकसित किया है। ए.एस.आई.सी. ने 130 नैनो मीटर प्रौद्योगिकी के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। लगभग 1632 की संख्या में श्रवण यंत्र (बॉडी बर्न टाइप) पी. जी.बी. जोड़े गए हैं और जांचे गए हैं तथा 617 यूनिटों को यांत्रिक रूप से जोड़कर पूर्ण भी किया गया है। बॉडी बर्न टाइप डी.पी.एच.ए. की पूर्व में, पृष्ठभूमि जांच राष्ट्रीय अलीयावर जंग श्रवण विकलांग संस्थान, मुम्बई, अखिल भारतीय वाक् या श्रवण संस्थान, मैसूर, सी.एम.सी. बैल्लौर तथा एम.ई.आर.एफ. चैन्नई जैसे अग्रणीय अस्पतालों / संस्थानों में कार्यान्वित की गई थी।

- निःशक्तों के लिए अनुकूलनशील ई–लर्निंग अभिगमनीयता माडल

  इसका उद्देश्य ई–लर्निंग के प्रभाव क्षेत्रों में निःशक्त व्यक्तियों के लिखे अभिगमनीयता हेतु एक समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में अनुसंधान तथा विकास (आर. एण्ड. डी.) कार्यान्वित करना है। इससे औजारों के विकास में निर्गमित तथा वचनबद्ध प्रौद्योगिकी से अभिगमनीयता के क्षेत्र में उत्पादन के विकास में अच्छे परिणाम निकलेंगे।

  सी–डेक बंगलुरु तथा सी–डेक हैदराबाद बाल पंजीकरण शैक्षणिक हस्तक्षेप में उनके द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया तथा प्रविधि को समझने के लिए राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान (एन. आई.एम.एच.) के साथ परस्पर जुड़े हैं। दोनों सी–डेक यूनिटें निःशक्त बच्चों के लिए विद्यमान मूल्यांकन, सीखने तथा प्रान्नति प्रक्रिया को समझने के लिए एन.आई.एम.एच. में संयुक्त रूप से क्षेत्र अध्ययन परिचालित करते हैं। गृहीत उपयोग कर्त्ता आवश्यकताओं से चिन्हित माड्युल्स निम्न हैं : (i) मूल्यांकन बाल प्रोफाइल तथा आई.ई.पी. माडयुल, (ii) अनुदेशात्मक हस्तक्षेप, (iii) सीखने का वातावरण माड्युल, (iv) अधिकार क्षेत्र विशेषज्ञ पद्धति तथा (v) प्रशासनिक माड्युल।

  सी–डेक यूनिटों ने हाई लेबल डिजाइन डोक्यूमेंट (एच.एल.डी.) के प्रथम चरण के भाग के रूप में 'यूज केस डिजाइन' भी पूर्ण किया है। प्राज्ञता वातावरण मूल्यांकन तथा टूल बाक्स माड्युल्स के कुछ मूल रूप विकसित किए गए है।

- निःशक्त बच्चों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कुशल सृजन के लिए आई.सी.टी. व्यावसायिक केन्द्र

  फेज–1 में स्थापित 20 आई.सी.टी. केन्द्रों के अतिरिक्त शारीरिक रूप से निशक्त बच्चों के प्रशिक्षण हेतु 100 आई.सी.टी. केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन आई.सी.टी. केन्द्रों के सान्निध्य में कम सुविधा वाले बच्चे कुशल होकर रोजगार प्राप्त करते हैं और जीविका अर्जित करते हैं। स्कूलों में अब संरचना एल.ए.एन. तथा इन्टरनेट से जुड़ी है तथा परियोजना प्रारंभ की गई है।

- मानसिक मंदता ग्रस्त बच्चों के लिए आई.सी.टी. तथा सेटेलाइट आधारित दूरस्थ प्रशिक्षण सुविधा व्यवस्थित करना।

  मानसिक मंदता से ग्रस्त बच्चों के विशेष शिक्षकों, माता–पिताओं तथा शिक्षकों को दूरस्थ प्रशिक्षण देने के लिए सी–डेक तिरुवनन्तपुरम में एक परियोजना चालू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य एडुसेट प्रयुक्त विशेष शिक्षा के क्षेत्र में, शिक्षकों तथा अन्य पुनर्वास व्यावसायिकों को दूरस्थ प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अवसंरचना सुविधा सृजित करना है। 8 सैटेलाइट इन्टरैरेक्टिव टर्मिनल्स (एस.आई.टी.) पहले से स्थापित है तथा प्रशिक्षण पूरा करने वाले स्टुडियों भी तिरुवनन्तपुरम में परिचालित है।

- निःशक्त बच्चों के लिए आई.सी.टी. व्यावसायिक केन्द्र फेज–2

  तमिलनाडु तथा एन.सी.आर., दिल्ली में 21 स्कूलों में आई.सी.टी. केन्द्र स्थापित करके पाइलेट परियोजना के कार्यान्वयन के बाद इरनेट इंडिया ने परियोजना का दूसरा फेस कार्यान्वित किया है। इस फेस में शारीरिक रूप से निःशक्त तथा श्रवण या दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए आई. सी.टी. केन्द्रों की स्थापना के माध्यम से निःशक्तों के अनुकूल बनाने के लिए सम्पूर्ण देश में फैले 100 स्कूलों का चयन किया है।

3.1.8 Mkd foHkkx

निःषक्त जनों के लाभ के लिए डाक विभाग द्वारा संचालित योजनाएं /नीतियां

- कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग ने निःशक्त जन अधिनियम की धारा 33 के अन्तर्गत ग्रुप 'ए', 'बी' तथा 'सी' की सीधी भर्ती के सम्बन्ध में 3 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित किया है (i) 1% नेत्रहीनता तथा निम्न दृष्टि से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए, (ii) 1% आरक्षण श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए, (iii) 1% आरक्षण चलन निःशक्तता या सेरेब्राल पाल्सी से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए। रिक्तियों का 3 प्रतिशत ग्रुप 'सी' के पदों में, जिसमें सीधी भर्ती मूल तत्व यदि कोई है, जो प्रत्येक निःशक्तता के लिए चिन्हित पदों में उपर्युक्त निःशक्तता से ग्रस्त के लिए आरक्षित भी है, यदि 75% से अधिक नहीं है। ऐसे व्यक्ति, जो सरकारी सेवा में प्रवेश के बाद निःशक्त होते हैं, उन्हें भी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अनुदेशों के अनुसार सेवाओं में आरक्षण का लाभ दिया जाता है। सरकार की नीति के अनुपालन में विभाग ने दिनांक 15.11.2009 से बैकलाग नियुक्तियों को भरने का विशेष भर्ती अभियान चलाया है। इस अभियान के पूर्ण होने की तिथि 31.12.2012 है।

- डाक विभाग की छात्रवृतियों तथा अन्य शैक्षणिक योजनाओं के अन्तर्गत उपलब्ध निधि में से 528 विभाग के कर्मचारियों के शारीरिक रूप से विकलांग / मानसिक मंदता ग्रस्त बच्चों की

छात्रवृत्ति के लिए 3% निधि सुरक्षित की गई है, छात्रावृत्ति का यह अनुदान इससे अलग है, जो नियमित छात्रों को उपलब्ध है। इस योजना के अन्तर्गत रु. 27,790/– प्रतिमास तक वेतन पाने वाले डाक कर्मचारियों के शारीरिक रूप से विकलांग / मानसिक मंदता ग्रस्त / नेत्रहीन / बहरे / गूंगे बच्चे एक वार्षिक छात्रवृत्ति पाने के पात्र हैं।

- विकलांग चिकित्सा ग्रस्त निःशक्ता (ऑरथोपेडिकली) कर्मचारी कल्याण निधि से निम्नलिखित वित्तीय सहायता पाने के पात्र हैं :

(क) एक विकलांग कर्मचारी मैकेनाइन्ड ट्राई साइकिल की खरीद पर खर्च की गई राशि की प्रतिपूर्ति प्राप्त करने का पात्र है, बशर्ते कि इसकी सीमा रु. 2,000/– तक हो।

(ख) एक विकलांग कर्मचारी रु. 15,000/– या मोटराइन्ड ट्राई साइकिल का 50% जो भी कम हो, वित्तीय सहायता के रूप में क्षेत्र कल्याण निधि से प्राप्त कर सकता है। यदि यही कर्मचारी स्कूटर अग्रिम के अनुदान के लिए आवेदन करता है, तो उसके मामले पर प्राथमिकता के आधार पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाता है।

(ग) कृत्रिम अंगों के प्रावधान के लिए विकलांग कर्मचारियों के मामले में कल्याण निधि से कर्मचारी कृत्रिम अंग केन्द्र पर ड्यूटी के स्थान से जाने और आने के लिए द्वितीय श्रेणी, रेलवे किराये की प्रति पूर्ति के भी पात्र हैं, यदि ऐसी प्रति पूर्ति किसी अन्य स्त्रोत से न हुई हो।

- डाक विभाग के कर्मचारियों के पहली से 12वीं तक पढ़ रहे शारीरिक रूप से विकलांग / मानसिक मंदता ग्रस्त / नेत्रहीन / बहरे तथा गूंगे बच्चों को वाहन प्रभार / मैस सबसीडीज (वाहन प्रभार के बदले) के रूप में 'क' वर्ग शहरों में प्रतिमास रु. 100/– तथा 'ख' वर्ग शहरों रु. 80/– प्रतिमास की दर से दिए जाते हैं।
- 7 किलो वजन तक का ब्लाइंड लिटरेचर पैकेट डाक विभाग द्वारा निःशुल्क भेजा जाता है।

3.2 LokLF; rFkk ifjokj dY;k.k ea=ky;

3.2.1 vk;|on] ;kx] ikdfrd fpfdRlk] ;ukuh] fl) rFkk gkE;kiFkh ¼vk;’k½ foHkkx

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 36038/2/2008 स्थान (आई.ई.एस.), दिनांक 28.7.2011 के अनुपालन में इस विभाग के अनतर्गत 18 स्वायत्तशासी निकायों / संस्थाओं / 34 कार्यालयों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में बैकलाग रिक्तियां भरने के लिए विशेष भर्त्ती अभियान पुनः प्रारंभ करके निःशक्त जनों के लिए आरक्षण विभिन्न श्रेणियों में 31.03.2012 की तिथि को स्थित बैकलाग रिक्तियों को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

विभाग ने शारीरिक रूप से विकलांग के रोजगार के लिए 3% आरक्षण (नेत्रहीनता तथा निम्न दृष्टि व्यक्तियों, श्रवण शक्ति का ह्रास तथा चलन निःशक्तता या सेरेबराल पाल्सी से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए प्रत्येक के लिए 1%) निर्धारित किया है। मुख्य आयुक्त निःशक्तजन की सिफारिशों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग से अनुरोध किया गया कि उपयुक्त उम्मीदवारों की संस्तुति करें, जो आयुष फिजिसियन पद से सम्बद्ध कार्यों को निष्पादित कर सकें।

3.3 okf.kT; rFkk m|kx ea=ky;

3.3.1 okf.kT; foHkkx

- वाणिज्य विभाग के अन्तर्गत संगठनों ने निःशक्त जनों के कल्याण के लिए अनेक उपाय किए हैं।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने भी निःशक्त जनों की आरक्षित बैकलाग रिक्तियों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान के अन्तर्गत सरकारी रोजगार में निःशक्तों के लिए (15.11.2009 की तिथि को) सभी बैकलाग रिक्तियों को भरने के निर्देश दिए हैं।

3.4 vUrfj{k foHkkx

- निःशक्त जनों की नियुक्ति के सम्बन्ध में स्थिति नीचे दी गई है :

निर्देशों का पालन करने के अनुदेश जारी किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मुख्य गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में निःशक्तों के 3 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधानों पर अनुवर्ती कार्यवाही की है, जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (एस.जी.एस.वाई.) / राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एस.जी.एस.आई. / एन.आर.एल.एम.) जो अब 'आजीविका' के नाम से जाना जाता है, इन्दिरा

क्र. सं.	केन्द्र/यूनिट	२०११-१२ में कर्मचारियों की कुल सं.	निःशक्तजनों की स्वीकृत सं.	निःशक्त कर्मचारियों का वर्गीकरण			
				बहिरे एवं गूंगे	नेत्रहीन	आंशिक नेत्रहीन	ओ. एच.
1.	डी.ओ.एस./आई.एस.आर.ओ. मुख्या.	437	5	0	0	0	5
2.	बी.एस.एस.सी.	4273	77	11	1	13	52
3.	आई.एस.ए.सी	2519	62	8	2	2	50
4	एस.डी.एस.सी.एस.एच.ए.आर	2099	53	61	1	0	46
5	एस.ए.सी. तथा डी.ई.सी.यू.	1827	26	3	2	0	21
6	एल.पी.एस.सी.	1754	37	4	0	0	33
7	एन.आर.एस.सी.	885	10	1	0	0	9
8	आई.एस.टी.आर.ए.सी.	445	7	2	0	0	5
9	एम.सी.एफ.	326	4	0	0	0	4
10	ए.डी.आर.आई.एन.	170	1	0	0	0	1
11	आई.आई.आर.एस.	124	2	0	1	0	1
	योग	14859	284	35	7	15	277

3.5 xkeh.k fodkl e=ky;

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों को 'निःशक्त जन अधिनियम, 1995' के कार्यान्वयन में गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के दिशा

आवास योजना। निःशक्तजनों के सम्बन्ध में योजनाओं का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :

3.5.1 egkRek xk/kh jk"Vªh; xkeh.k jkstxkj xkjaVh vf/kfu;e ¼eujsxk½

मनरेगा, किसी भी ग्रामीण परिवार को, जिसके व्यस्क सदस्य हाथ से अकुशल कार्य करना चाहते हैं, उन्हें एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है। यह अधिनियम, 2 फरवरी, 2006 से देश के 200 चयनित जिलों में लागू हो चुका है। सभी जिलों में अप्रैल, 2008 से इसका विस्तार हुआ है। मनरेगा के अनुसार यह योजना मांग के आधार पर है, इसमें निःशक्त जनों के लिए अलग से कोई रोजगार / संसाधन चिन्हित नहीं किए गए हैं।

प्रचालन दिशा–निर्देशों के पैरा (5.5.10) के अनुसार यदि ग्रामीण निःशक्त व्यक्ति कार्य के लिए आवेदन करता है तो उसकी क्षमता तथा शैक्षिक योग्यताओं के आधार पर कार्य दिया जाए। यह सेवाओं के रूप में भी हो सकता है, जो कार्यक्रम के पूरक के रूप में चिन्हित हैं। निःशक्त जन (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के लिए प्रावधानों को ध्यान में रखा जाएगा और कार्यान्वित किया जाएगा आगे योजना के अन्तर्गत अनु. जाति/जनजाति/अ.पि.व. आदि को आरक्षण नहीं दिया जाएगा और यह निःशक्तजनों के लिए आवेदित रहेगा। हालांकि मनरेगा के अन्तर्गत निःशक्तजनों के लिए कोई आरक्षण नहीं है, परन्तु निःशक्तजन (समान अवसर, अधिकार संरक्षण तथा पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के प्रावधानों की भावना को ध्यान में रखते हुए मनरेगा के अन्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विशेष रूप से निःशक्तजनों के समावेश में मानीटर करता है।

वर्ष 2011–12 (जनवरी, 2012 तक) के दौरान 2,53,367 निःशक्त जन मनरेगा के अन्तर्गत समावेशित किए गए।

3.5.2 Lo.kZ t;Urh xzke Lojkstxkj ;kstuk@jk"Vªh; xzkeh.k vkthfodk fe'ku ¼,e-th-,l-okbZ-@,u-,-vkj-,y-,e-½ vc ^vkthfodk* ds :i esa ifjfpr gSA

आजीविका के दिशा–निर्देश तय करते हैं कि निःशक्तजन कुल स्वरोजगारों का कम से कम 3 प्रतिशत होंगे। जहां कहीं संभव हो, निर्मित समूह आदर्श रूप में निःशक्तता विशिष्ट हों, तथापि व्यक्ति के पर्याप्त संख्या के मामले में निर्माण के लिए निःशक्तता विशिष्ट समूह उपलब्ध नहीं है, एक समूह में विभिन्न निःशक्तताग्रस्त व्यक्ति सम्मिलित हो सकते हैं या एक समूह में गरीबी रेखा से नीचे वाले निःशक्त तथा अनिशक्त दोनों प्रकार के व्यक्ति सम्मिलित हो सकते हैं।

यह भी उल्लेखित है कि एस.जी.एस.वाई. दिशा–निर्देश प्रस्तुत करता है कि बी.पी.एल. परिवार का एक सदस्य स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.) का सदस्य हो सकता है। ऐसे मामले में यदि परिवार का एक सदस्य स्वयं सहायता समूह का सदस्य होता है, तब परिवार का दूसरा सदस्य, यदि वह निःशक्त व्यक्ति हो, तो एस.जी.एस.वाई के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह का सदस्य नहीं हो सकता, तथापि यह एस.जी.एस.वाई. से लाभ प्राप्त करते हैं।

ऐसे स्वरोजगारियों की कुल सं. 877391 रही, जिन्होंने वर्ष 2011–12 (जनवरी, 2012 तक) के दौरान इस योजना में सहायता प्राप्त की, उनमें से स्वयं सहायता समूहों तथा निःशक्तजनों हेतु व्यक्तिगत स्वरोजगारी उपलब्धि वालों की संख्या 12417 (1.41 प्रतिशत) थी।

3.5.3 bfUnjk vkokl ;kstuk ¼vkbZ-,-okbZ-½

इदिरा आवास योजना (आई.एस.वाई.) गरीबी रेखा से नीचे वाले व्यक्तियों को आवास यूनिटें उपलब्ध

कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर कार्यान्वित की जा रही है। तीन प्रतिशत निधियां ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे के निःशक्त व्यक्तियों के लाभ के लिए आरक्षित की गई है।

वर्ष, 2011–12 (जनवरी, 2012 तक) के दौरान स्वीकृत आवास यूनिटों की संख्या 24,92,408 थी, जिनमें से निःशक्त व्यक्तियों के नाम में 30,038 (1.21 प्रतिशत) आवास स्वीकृत किए गए थे।

- मंत्रालय की आर्थिक तथा मॉनीटरिंग विंग में आर्थिक सलाहकार को 'निःशक्तजन अधिनियम, 1995' से सम्बन्धित मामलों के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय में नोडल अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ऑटिज्म, सेरेब्राल पाल्सी, मानसिक मंदता तथा विविध निःशक्तताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय न्याय में प्रतिनिधित्व किया है।

3.6 ty lalk/ku ea=ky;

शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की श्रेणी में 3 प्रतिशत कोटा मंत्रालय तथा इसके अधीन विभिन्न संगठनों द्वारा भरा जाना सुनिश्चित करने के लिए भर्ती की मॉनीटरिंग की जा रही है। इस सम्बन्ध में प्रगति पर आवधिक रिपोर्ट नियमित रूप से सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय को भेजी जा रही है। तदनुसार 3 प्रतिशत पद / रिक्तियों (1 प्रतिशत प्रत्येक अस्थि बाधित, नेत्रहीन तथा श्रवण विकलांग के लिए) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को नियमानुसार परीक्षा / साक्षात्कार के समय पर सुविधाएं, रियायतें तथा छूट प्रदान की जाती है। चिन्हित पद सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अधिसूचित पदों की संशोधित सूची के अनुसार समूह 'क', 'ख', 'ग', तथा 'घ' के पद निःशक्त व्यक्तियों द्वारा भरे जाते हैं। निःशक्त व्यक्तियों के आरक्षण की योजना के लिए सरकार द्वारा निर्देश के अनुसार सुसंगत आरक्षण रोस्टर भी रखे जाते हैं।

3.7 miHkkDrk ekeys] [kk| rFkk lkoZtfud forj.k ea=ky;

3.7.1 [kk| rFkk lkoZtfud forj.k foHkkx

- सभी नियुक्ति प्राधिकारियों को, निःशक्तजन (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक अनुदेश जारी किए गए हैं कि कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग से जैसे और जब भी आदेश प्राप्त हो, उनका पालन करें। विभिन्न ग्रेडों तथा सेवाओं के लिए सीधी भर्ती तथा पदोन्नति मे निःशक्त जनों को प्रतिनिधित्व देने के सम्बन्ध में कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशों का पालन किया जाता है।

वर्ष, 2011–12 के लिए विभाग कुल बजट प्रावधान नियमानुसार है :

वित्तीय वर्ष, 2011-12	योजना	गैर योजना	(करोड़ में) योग
बजट अनुमान	120.00	72211.32	72331.32
संशोधित अनुमान	93.48	84393.93	84487.41

वार्षिक और प्रशिक्षण विभाग (डी.ओ.पी. एण्ड टी.) द्वारा जारी अनुदेशों के अनुपालन में विभाग ने निःशक्त जनों की आरक्षित रिक्तियों (15.11.2009 को स्थित) के बैकलाग को पूरा करने के लिए दो अलग विशेष भर्ती अभियान (एस.आर.डी.) चलाए। कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित समय रेखा के अनुसार चिन्हित रिक्तियां अधिक से अधिक 31 मार्च, 2012 तक भरी जानी है।

3.8 xg ekeyk e=ky;

- केन्द्र सरकार ने शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए रोजगार 3 प्रतिशत (1 प्रतिशत नेत्रहीन या निम्नदृष्टि, श्रवण शक्ति का ह्रास तथा चलन निःशक्तता या सेरेब्राल पाल्सी से ग्रस्त प्रत्येक के लिए) आरक्षण निर्धारित किया है।
- मंत्रालय में 11 दृष्टि बाधित, 01 श्रवण बाधित, 15 ऑर्थोपेडिकली विकलांग व्यक्ति कार्यरत है।
- कार्य की प्रकृति के कारण, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों 'यौद्धा कार्मिक' (कम्बेटेण्ट पर्सनल) के पदों की सभी श्रेणियों को निःशक्त जन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण तथा पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा 33 से छूट प्रदान की गई है।

3.8.1 dUnzh; vkjf{kr ifyl cy ¼lh-vkj-ih-,Q-½

- मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाले केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के योद्धा कार्मिक के पदों की सभी श्रेणियों को निःशक्त जन अधिनियम, 1995 की धारा 33 से छूट प्रदान की गई हैं। सी.आर.पी.एफ. के ऐसे कार्मिक जो विभिन्न परिस्थितियों के अन्तर्गत अपनी वास्तविक कार्यालय ड्यूटी के निष्पादन में अपंग हो जाते हैं तथा आरोपणीय निःशक्तता के कारण सेवा से बाहर कर दिए जाते हैं या सेवा में अपवर्धित हैं, उन्हें 100 प्रतिशत निःशक्तता के लिए रु. 9 लाख की राशि का अनुग्रह पूर्वक क्षतिपूर्ति के रूप में भुगतान किया जाता है, जैसा कि गृह मंत्रालय मामले के पत्र सं. 27011/64/2010–आर. एण्ड डब्ल्यू. दिनांक 12.6.2012 में उल्लेख किया गया है।
- इसके साथ–साथ सी.आर.पी.एफ. योद्धा बल की समस्त दक्षता से समझौता किए बिना अपने निःशक्त कार्मिक की देखभाल के लिए सभी प्रयास कर रहा है। एक बीमार / घायल व्यक्ति की यूनिट स्तर पर सिविल अस्पताल तथा जी.सी. अस्पताल / कम्पोजिट अस्पताल या अन्य किसी सुविधाजनक अस्पताल में पूर्ण चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराया जाता है। पूर्ण चिकित्सा उपचार में उन कृत्रिम अंगों को लगाना भी शामिल है, जो आवश्यक हैं। सभी बीमार / घायल व्यक्ति पूर्ण चिकित्सा उपचार प्राप्त करते हैं और यदि चिकित्सा अधिकारी प्रभारी का यह मत है कि उसकी स्थिति में सुधार की कोई संभावना नहीं है और वह व्यक्ति बल में सामान्य सक्रिय ड्यूटी के लिए सक्षम नहीं है, ऐसे व्यक्ति का मामला सम्बन्धित विभागाध्यक्ष द्वारा शीघ्र विभाग पुनर्वास बोर्ड को सौंप दिया जाता है।
- उपर्युक्त विषय पर विस्तृत अनुदेश महानिदेशालय के स्थायी आदेश सं. 04/2011 द्वारा जारी किए गए हैं तथा संशोधन आदेश पत्र सं. पी. III/2011–कल्याण, दिनांक 14.08.2012 द्वारा जारी किया गया है।

3.9 tutkrh; ekeyk e=ky;

जनजातीय मामले मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के अन्तर्गत निःशक्त छात्रों के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं।

- जनजाति छात्रों के लिए पश्च मैट्रिक भत्ता (रु. प्रतिमास)

पाठ्य क्रम का स्तर	पठन भत्ता (रु. प्रतिमास)
समूह I, II	240
समूह III	200
समूह IV	160

जनजाति के निःशक्त छात्रों के लिए निम्नलिखित अतिरिक्त प्रावधान किए गए हैं :

(क) नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए पठन भत्ता;

(ख) निःशक्त छात्रों के लिए रु. 160 प्रतिमास तक वाहन भत्ते का प्रावधान, यदि कोई छात्र छात्रावास में नहीं रहता है, जो शैक्षिणिक संस्थान के परिसर में है।

(ग) निम्न चरम सीमा निःशक्तता सहित दिन में पढ़ने वाले विभिन्न रूप से विकलांग छात्रों के लिए रु. 160/– प्रतिमास अनुरक्षक भत्ता।

(घ) एक शैक्षणिक संस्थान के छात्रावास में रहने वाले विभिन्न रूप से अस्थि बाधित छात्र जिसे एक सहायक की मदद की जरूरत है, की सहायता करना चाहते हैं, छात्रावास के ऐसे किसी कर्मचारी को रु. 160/– प्रतिमास की दर से विशेष वेतन स्वीकार्य है।

(ङ) मानसिक मंदता तथा मानसिक रुग्णता ग्रस्त छात्रों के लिए अतिरिक्त कोचिंग के समक्ष रु. 240/– प्रतिमास का भत्ता

जनजाति छात्रों के लिए गुणवत्ता का स्तर बढ़ाना

जहां कहीं संभव है, 3 प्रतिशत निःशक्त जनजाति के समावेशन के लिए प्रावधान है। निःशक्त छात्रों को छात्रवृत्ति की राशि के साथ–साथ निम्नलिखित सहायता प्रदान की जाती है :

(क) कक्षा IX से XII तक पढ़ने वाले नेत्रहीन छात्रों के लिए रु. 150/– प्रतिमास पठन भत्ता

(ख) निःशक्त छात्रों के लिए रु. 100/– प्रतिमास वाहन भत्ता, यदि ऐसे छात्र उस छात्रावास में नहीं रहते हैं, जो शैक्षणिक संस्थान के परिसर में स्थित हो, जैसे नेत्रहीनता, कम दृष्टि, कुष्ठ रोग मुक्त, श्रवण शक्ति का ह्रास, चलन निःशक्तता, मानसिक मंदता तथा मानसिक रुग्णता।

(ग) छात्रावास के उन कर्मचारियों को रु. 150/– प्रतिमास विशेष वेतन स्वीकार्य है, जो एक शैक्षणिक संस्थान या राज्य सरकार / संघ शासित क्षेत्र प्रशासन द्वारा प्रबंधित छात्रावास में रहने वाले विभिन्न रूप से अस्थि बाधित ऐसे छात्र की सहायता करना चाहते हैं, जिसे एक सहायक की मदद की जरूरत है।

(घ) निम्न चरम सीमा निःशक्तता युक्त दिन में पढ़ने वाले विभिन्न रूप से विकलांग छात्रों के लिए 100/– प्रतिमास का अनुरक्षक भत्ता।

(ख) से (घ) तक के प्रावधान कुष्ठ रोग मुक्त छात्रों पर भी लागू होंगे।

अनु. जनजाति छात्रों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय शोध वृत्ति

- शारीरिक तथा दृष्टिगत विकलांग अभ्यार्थियों के मामले में रु. 2000/– प्रतिमास की दर से अनुरक्षक / पठन सहायता दी जाती है।

अनु. जनजाति बालिकाओं तथा बालकों के लिए छात्रावास

- योजना के प्रावधान में यह ध्यान रखा गया है कि अनु. जनजाति निःशक्त छात्रों की सुविधा के लिए छात्रावास के कुछ कमरे/ब्लाक बाधामुक्त तथा रैम्प आदि जैसी सुविधाओं से युक्त निर्भित किए जाएं।

जनजाति उपयोजना क्षेत्र में आश्रम स्कूलों की स्थापना

- योजना के प्रावधान में यह ध्यान रखा गया है कि अनु. जनजाति निःशक्त छात्रों की सुविधा के लिए छात्रावास के कुछ कमरे/ब्लाक बाधामुक्त तथा रैम्प आदि जैसी सुविधाओं से युक्त निर्मित किए जाएं।

गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) योजनाएं

- राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे एन.जी.ओ. योजनाओं के अन्तर्गत तथा विशेष रूप से समीक्षा जनजातिय समूहों (पी.टी.जी.) के विकास की योजना के अन्तर्गत निधियां प्राप्त करने वाले गैर सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ.) को निःशक्तजन, 2006 के लिए राष्ट्रीय नीति के अनुसार आवासीय स्कूलों / गैर आवासीय स्कूलों, छात्रावासों, 10 या उससे अधिक बिस्तर वाले अस्पतालों तथा भवनों, जैसे कि सामुदायिक भवनों आदि में 'बाधामुक्त वातावरण' सुविधाएं उपलब्ध कराने की सलाह दें।

3.10 fon'k ekey e=ky;

मंत्रालय अपने कार्मिकों के मध्य समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए, निःशक्तजनों को पर्याप्त अवसर प्रदान करने के लिए भी पूर्णतया समर्पित है। लक्ष्य प्राप्त करने के समक्ष, मंत्रालय, भारत सरकार के उपयुक्त नियमों के अन्तर्गत निर्धारित के अनुसार, विभिन्न निःशक्तता ग्रस्त व्यक्तियों के लिए उचित स्थिति निर्धारित की है।

3.11 lMd ifjogu rFkk jktekx e=ky;

सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय निःशक्तजन (समान, आकार, अधिकारों का संरक्षण तथा पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सत्यनिष्ट प्रयास कर रहा है। चयनित / नामित व्यक्ति उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के समक्ष नियुक्त किए जाते हैं तथा कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के विद्यमान अनुदेशों के अनुसार अनारक्षित रिक्तियों के समक्ष भी समायोजित किए जाते हैं।

3.12 ;ok ekey rFkk ØhMk e=ky;

- मंत्रालय ने वर्ष, 2009 के दौरान निःशक्त जनों के बीच क्रीड़ा तथा खेलों के विकास के लिए एक योजना सूत्रबद्ध की है। इस योजना का उद्देश्य निःशक्त जनों में क्रीड़ा में भाग लेने योग्य व्यापक आधार बनाना है। निःशक्त जनों के लिए इस क्रीड़ा तथा खेल योजना में निम्नलिखित संघटक हैं :

(क) स्कूलों के लिए क्रीड़ा कोचिंग तथा उपभोज्य तथा गैर उपभोज्य तथा गैर उपभोज्य क्रीड़ा उपकरणों की खरीद के लिए अनुदान।

(ख) प्रशिक्षकों (कोचों) के प्रशिक्षण के लिए अनुदान

(ग) निःशक्तों के लिए जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए अनुदान।

- वर्ष, 2011–12 के दौरान, 31.1.2011 तक इस योजना के अन्तर्गत 78 स्कूलों को अनुदान दिया गया है। आगे इसके समस्वर में, नोडल एजेंसी के रूप में पदनामित स्पेशल ओलंपिक भारत को, सामुदायिक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने तथा जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए रु. 3 करोड़ की राशि प्रदान की गई। इस योजना के अन्तर्गत 31.12.2011 तक जिला तथा राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में 22,500 निःशक्त व्यक्तियों ने भाग लिया। 4500 सामुदायिक प्रशिक्षकों को (31.12.2011 तक) प्रशिक्षण दिया गया।

अध्याय
4

राज्यों/संघ क्षेत्रों द्वारा नि:शक्तजन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्थिति

4.1 अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह

4.1.1 fu%'kDrk dh jkdFkke rFkk 'kh?k igpku ¼kkjk&25½ %

- सभी तीन जिलों में नि:शक्तता की उत्पत्ति के कारणों की पहचान के लिए परा–चिकित्सा कार्मिकों के माध्यम से सभी आँगनवाड़ी केन्द्रों में सर्वेक्षण का उत्तरदायित्व लिया गया है।
- खतरनाक मामलों की पहचान के लिए सभी बच्चों की जांच की जा रही है। खतरनाक मामलों वाले बच्चों को आगे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल को भेजा जा रहा है। राज्य में तीन जिलों में 22,000 बच्चे लाभान्वित हुए हैं।
- विभाग समय–समय पर स्वास्थ्य, स्वास्थ्य विज्ञान तथा स्वच्छता पर आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए पराचिकित्सा कर्मी, गैर सरकारी संगठनों को शामिल करके जागरूकता अभियान चला रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का स्टाफ नि:शक्तताओं की रोकथाम तथा शीघ्र पहचान के बारे में प्रशिक्षित हैं।
- माता तथा बच्चे की पूर्व प्रसव, प्रसव के दौरान, प्रसव के बाद देखभाल के उपाय के लिए विभिन्न स्थितियों में माता बच्चे का समुचित रूप से प्रतिरक्षण किया जा रहा है।

4.1.2 f'k{kk ¼kkjk 26&31½ %

- राज्यों में सभी शारीरिक रूप से विकलांग बच्चे नियमित स्कूलों में पढ़ रहे हैं। राज्य द्वारा नि:शक्त बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की गई है।
- सभी शिक्षण संस्थानों को नार्मल स्कूलों में नि:शक्त बच्चों को प्रवेश से मना न करने के अनुदेश जारी किए गए हैं।
- सभी तीन जिलों में 151 सरकारी स्कूल चल रहे हैं और सभी स्कूल नि:शक्त बच्चों की शिक्षा के लिए सुविधाओं से सज्जित हैं।
- प्रशासन के पास नि:शक्त बच्चों की छात्रवृत्ति की योजना है। 781 बच्चों ने छात्रवृत्ति प्राप्त की है।

- सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत, 146 सरकारी, 02 सरकारी सहायता प्राप्त तथा 03 प्राइवेट संस्थानों को, नए सहयोगी साधनों, शिक्षण सहायता, विशेष शिक्षण सामग्री आदि के विकास हेतु अनुसंधान के लिए सहायता दी गई है।
- प्रशासन निःशक्तों की शिक्षा के लिए आधार पाठ्यक्रम (एफ.सी.ई.डी.) चलाने के लिए आर.सी. आई. के सहयोग से इग्नू का अध्ययन केन्द्र स्थापित करने जा रहा है।
- राज्य में 22 विशेष शिक्षक कार्य कर रहे हैं। सभी 9 ब्लाकों में निःशक्त बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है।
- सभी 781 निःशक्त बच्चों को विशेष पुस्तकें तथा सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है।
- निःशक्त बच्चों की सुविधा के लिए पाठ्यचर्या पुनर्गठित की गई है, श्रवण बाधित बच्चों के लिए एक भाषा का विकल्प पाठ्यक्रम में है तथा दृष्टि बाधित विकलांग (वी.एच.) के लिए गणितीय प्रश्नों को हटाने हेतु परीक्षा पद्धति संशोधित की गई है।
- प्रशासन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए वाहन भत्ता अनुरक्षक भत्ता तथा निःशुल्क बस पास उपलब्ध कराता है।
- लिपिकार/लेखक–नेत्रहीन/निम्नदृष्टि छात्रों के लिए सुनिश्चित किया जा रहा है। लिखित परीक्षा में प्रति घंटा अतिरिक्त समय की अनुमति दी गई है।

4.1.3 jkt xkj ¼kkjk 32&41½ %

- राज्य सरकार ने भारत सरकार द्वारा निःशक्त जनों के लिए चिन्हित नौकरियों की अपनाया है।
- अधिनियम की धारा 33 के अन्तर्गत न्यूनतम 3 प्रतिशत रिक्तियों के कार्यान्वयन के लिए पद्धति सभी सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को परिचालित की गई है।
- रोजगार कार्यालय, पोर्ट ब्लेयर, दक्षिणी अंडमान को निःशक्तों के लिए विशेष रोजगार कार्यालय घोषित किया गया है।
- आरक्षण के कार्यान्वयन का विवरण निम्नानुसार है :

समूह	कुल स्वीकृत संख्या	निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद	नियुक्त निःशक्तजनों की संख्या
क	177	4	–
ख	469	10	–
ग तथा घ	6693	223	165
योग	7339	237	165

4.1.4 l dkjkRed dk;lokgh ¼kkjk 42&43½ %

- प्रशासन ने शारीरिक रूप से विकलांग जनों को पुनर्वास उपकरणों/उपस्करों की खरीद तथा चिकित्सा उपचार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह–योजना के नाम से एक योजना बनाई है, जिसके अन्तर्गत निःशक्त जनों को रु. 3000/– की राशि तक के उपकरण/उपस्कर निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। 68 निःशक्त जनों को उपकरण तथा उपस्कर निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं।

4.1.5 foHkn dk u fd;k tkuk ¼kkjk 44&47½ %

- राज्य में सभी बसें निःशक्त जनों के लिए सुगमनीय हैं। पुलिस/यातायात विभाग से निःशक्त जनों की आसान पहुँच के लिए यातायात

प्रकाश पर श्रवण सम्बन्धी संकेत रखने का अनुरोध किया गया है।

4.1.6 fu%'kDr tuk d fy, lLFkkuk dh ekU;rk ¼/kkjk 50&55½ %

- निदेशक (समाज कल्याण), अंडमान तथा निकोबार प्रशासन को निःशक्त जनों के लिए संस्थानों की मान्यता हेतु सक्षम प्राधिकारी के रूप में पद नामित किया गया है। निःशक्त जन अधिनियम, 1995 के अन्तर्गत 04 संस्थानों को पंजीकृत किया गया है।

4.1.7 fu%'kDr tuk d fy, vk;Dr ¼/kkjk 60&63 rFkk 65½ %

- संघ में आयुक्त निःशक्तजन (अतिरिक्त प्रभार) नियुक्त हैं।

4.2 आन्ध्र प्रदेश

4.2.1 jkT; leUo; lfefr lxBu ¼/kkjk 13&18½ %

राज्य समन्वय समिति जी.ओ.एम.एस., दिनांक 26–04–2010 द्वारा पुनर्गठित की गई थी। समिति कार्यरत है। पिछली बैठक 30–06–2011 को हुई।

4.2.2 jkT; dk;ikyd lfefr dk xBu ¼/kkjk 19&21½ %

राज्य कार्यपालक समिति जी.ओ.एम.एस., दिनांक 23–02–2011 द्वारा पुनर्गठित की गई है और कार्यरत है। पिछली बैठक दिनांक 07–04–2011 को आयोजित की गई।

4.2.3 fu%'kDrrk dh jkdFkke rFkk 'kh?k igpku ¼/kkjk 25½ %

राज्य सरकार निःशक्ततओं की उत्पत्ति के कारणों की पहचान के लिए सकारात्मक उपाय कर रही है तथा एसएडीए आरईएम के माध्यम से, निःशक्तता की रोकथाम के लिए पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम, कुष्ठरोग समाप्ति कार्यक्रम, नेत्रहीनता पर नियंत्रण के लिए कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, अनुपूरक पोष्टिकता कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास सेवाएँ, प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा अधिकारियों के लिए दिशामान प्रशिक्षण, निःशक्तता की उत्पत्ति के कारणों से सम्बन्धित सर्वेक्षण, जांच तथा अनुसंधान, निःशक्तताओं की रोकथाम के लिए उन्नयन के तरीके, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के स्टाफ का प्रशिक्षण, सामान्य स्वास्थ्य संबंधी, स्वास्थ्य तथा सफाई पर जागरूकता अभियान, स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं, प्रिंट तथा इलैक्ट्रानिक संचार माध्यम के द्वारा जागरूकता का सृजन जैसे तरीके अपना रही है।

आयु वर्ग 0–6 में आनेवाले सभी वाले सभी बच्चों की शारीरिक तथा बौद्धिक विशेष आवश्यकताओं के मूल्यांकन के लिए ग्रामीण स्तर पर जांच की जाती है।

4.2.4 f'k{kk /kkjk ¼26&31½ %

- विशेष स्कूलों में अध्ययनरत निःशक्त छात्रों की संख्या निम्न हैं–

नेत्रहीन / निम्न दृष्टि	चलन निःशक्तता	मानसिक मंदता	वाक् तथा श्रवण बाधित	अन्य निःशक्तताएँ
7,546	ओ.आई.–27801	35086	एस.पी. 13349	एम.डी.–9,123
27,464	सी.पी.–12610		एच.आई.–25437	एल.डी.–56834
				आटिज्म–2912

- निःशक्त बच्चों को विशेष स्कूलों, समन्वित स्कूल पद्धति तथा समावेशी शिक्षा पद्धति के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।
- सामान्य स्कूलों में निःशक्त बच्चों के दाखिले से मना न करने के अनुदेश जारी किए गए हैं।
- आन्ध्र प्रदेश सरकार सभी शैक्षिक संस्थानों, जैसे महाविद्यालयों, व्यावसायिक महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों आदि में निःशक्त जनों के पक्ष में स्थानों में 3 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर रही है।
- राज्य में कुल 210 विशेष स्कूल, जैसे सरकारी 22, सरकारी सहायता प्राप्त (गैर सरकारी संगठन) 140 तथा प्राइवेट 48 हैं।
- सभी जिलों में विशेष स्कूल कार्य कर रहे हैं, चाहे वे सरकार के अन्तर्गत हो या केन्द्रीय सहायता प्राप्त गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित हो। शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन भी 11 आवासीय स्कूल, 5 वी एच तथा 6 एच.एच. स्कूल, 2 आवासीय जूनियर कालिज चल रहे हैं।
- सामान्य स्कूल निःशक्त बच्चों की शिक्षा के लिए सभी सुविधाओं से सज्जित हैं। संपूर्ण राज्य में शिक्षा विभाग ने 115 स्कूलों में समन्वित शिक्षा प्रारम्भ की है।
- सरकार तथा गैर सरकारी संगठनों दोनों में 166 विशेष स्कूल निःशक्त बच्चों के व्यावसायिक प्रशिक्षण सुविधा प्रदान कर रहे हैं।
- 31,917 स्कूल स्थापत्य कला की दृष्टि से बाधामुक्त है।
- 39 में से 26 विश्वविद्यालय निःशक्त छात्रों के आसान अभिगम्यता की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।
- सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालयों में बाधामुक्त सुविधा के समावेश के लिए एस आई डी पी ए के अन्तर्गत रु. 6.60 करोड़ की राशि आवंटित की है।
- छात्रवृत्ति में निम्नलिखित दरों पर प्रदान की जाती है :

पूर्व-मैट्रिक छात्रवृत्ति में :

कक्षा	छात्रवृत्ति	अन्य भत्ते प्रतिमाह		
		वाहन भत्ता (केवल ओएच के लिए में)	प्रोस्थेटिक/ऑर्थोपेडिक को अनुरक्षण सहायता (केवल ओ.एच. के लिए) (में)	पठन भत्ता (केवल वी.एच. के लिए) (रु. में)
I से V	70/–	50/–	25/–	25/–
VI से VIII	100/–	50/–	25/–	25/–
IX से X	182/–	50/–	25/–	25/–

पश्च–मैट्रिक छात्रवृत्तियाँ :

समूह	आन्ध्र प्रदेश सरकार के आदेशानुसार वर्तमान दरें (प्रतिमाह)		
	छात्रावासी (छात्रावास-सी.ए.एच./ डी.ए.एच. से सम्बद्ध)	छात्र प्रबंधित छात्रावास (एस.एम.एच.)	दिवस छात्र (डी.एस.)
I	962/–	442/–	429/–
II	682/–	442/–	429/–
III	520/–	325/–	240/–
IV	520/–	325/–	182/–

- 10764 निःशक्त बच्चों की पूर्व–मैट्रिक छात्रवृत्तियों के लिए रु. 125 लाख की राशि स्वीकृत की गई।
- पश्च मैट्रिक छात्रवृत्तियों की स्वीकृति की योजना के अन्तर्गत रु. 322 लाख की राशि से 2550 निःशक्त बच्चे लाभान्वित हुए।
- दृष्टिबाधित क्षेत्रों के शिक्षण हेतु शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण केन्द्र राष्ट्रीय दृष्टिबाधितार्थ संस्थान, देहरादून तथा राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में चलाया जा रहा है।
- 160 (85 श्रवणबाधित तथा 75 दृष्टि बाधित) 11 आवासीय स्कूलों में कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कार्यान्वित हो रहे राजीव विद्या मिशन (एस.एन.ए.) के अन्तर्गत 1495 विशेष प्रशिक्षक कार्य कर रहे हैं।
- विशेष पुस्तकें, सामग्री, वर्दी आदि निःशुल्क प्रदान की जाती है।
- शिक्षा में डिप्लोमा का निर्धारित पाठ्यक्रम नार्मल स्कूलों में पढ़ रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जरूरत के अनुसार संशोधित किया गया है।
- श्रवणबाधित बच्चों को परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है, माध्यमिक लोक परीक्षा में 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाता है, भाग I या II के अन्तर्गत एक भाषा की छूट है। सरकार ने निःशक्त छात्रों (एच आई, ओएच तथा वी आई) के पक्ष में परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट तथा सभी स्नातक पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत तक पास अंकों की कमी का भी विस्तार किया है।
- दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को लिपिक की सेवा भी उपलब्ध कराई जाती है।

4.2.5 jkt xkj /kkjk ¼32&41½

सरकार ने निःशक्त जनों के लिए चिन्हित नौकरियों को अधिसूचित किया है। श्रेणी क्रम में प्रत्येक निःशक्तता के लिए चिन्हित पदों की संख्या निम्नानुसार है :

श्रेणी	ओ.एम.	नेत्रहीन	निम्न दृष्टि	एच.एच.	योग
समूह 'क'	17	17	–	17	51
समूह 'ख'	6	5	–	6	17
समूह 'ग'	78	20	33	56	187
समूह 'घ'	174	51	127	159	511
योग	275	93	160	238	766

- रोजगार में निःशक्त जनों को 3 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है, जिसे दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित

तथा अस्थिबाधित विकलांगों में तीनों के लिए 1 प्रतिशत की दर से बांट दिया जाता है।

- राज्य में 35,722 विकलांग कर्मचारी कार्य कर रहे हैं।
- निःशक्त जनों के लिए आरक्षित विक्लांग रिक्तियों के साथ 2002–2012 तक 3608 रिक्तियाँ भरी गई, जिनमें से 289 रिक्तियाँ 2011–12 के दौरान भरी गई।
- सरकार ने निःशक्त जनों की पदोन्नति में 3 प्रतिशत आरक्षण के लिए 19–10–2011 को आदेश जारी किए हैं।
- राज्य में, आईटीआई कैम्पस, मैल्ला पल्ली, हैदराबाद में 01 विशेष रोजगार कार्यालय स्थित है।
- सभी 23 जिलों में सभी सामान्य रोजगार कार्यालयों में अलग विशेष कक्ष स्थित है।
- निःशक्त जनों को जिला व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता रहा है तथा गैर सरकारी संगठन भी विभिन्न ट्रेड/क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।
- सरकार ने निःशक्त जनों के पक्ष में सीधी भर्ती में आयु में 10 वर्ष की छूट प्रदान की है।
- निःशक्त जनों के लाभ के लिए सभी गरीबी उन्मूलन योजनाओं में 3 प्रतिशत निधि आरक्षित है। सभी 23 जिलों में विभिन्न गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अन्तर्गत 69,394 निःशक्त जन शामिल हुए, जिन पर रू. 6576.26 लाख की राशि खर्च हुई।
- आन्ध्र प्रदेश नगर योजना नियमों में भवन उपनियमों में संशोधन किया गया है। ये उपनियम सभी भवनों, मनोरंजन क्षेत्रों, शापिंग मॉल, सिनेमा थियेटर, पार्कों तथा अन्य मनोविनोद स्थानों तथा बस तथा रेलवे स्टेशनों सहित जनता द्वारा प्रयुक्त सुविधाओं पर भी लागू होंगे।

4.2.6 l dkjkRed dk;okgh ¼/kkjk 42&43½ %

- वर्ष के दौरान 10,148 निःशक्तजनों को निःशुल्क साधन तथा उपकरण उपलब्ध कराए गए।
- व्यस्क अविवाहित निःशक्तजनों को एक अलग यूनिट/परिवार मानते हुए घर भी स्वीकृत किए जाएंगे।
- इन्दिराम्मा योजना के अन्तर्गत सभी फ्लैटों के प्रथम तल निःशक्त जनों के लिए आरक्षित किए जाएंगे।
- ऐसे सभी फ्लैटों/मकानों की डिजाइन का प्रकार निःशक्तजनों के अनुकूल होगा।
- मानसिक मंदताग्रस्त व्यक्तियों के मामले में, मानसिक मंदताग्रस्त व्यक्ति के नाम में मकान उसके संरक्षक को आवंटित किया जाएगा।
- इंदिराम्मा भवन योजना के अन्तर्गत निःशक्त जनों के लिए 59,929 मकान बनाए गए हैं।
- योजना का लाभ पाने के लिए संबंधित कलेक्टर से संपर्क किया जाए।

4.2.7 vu|l/kku rFkk tu 'kfDr fodkl ¼/kkjk 48&49½ %

- राष्ट्रीय संस्थान, क्षेत्रीय संस्थान निःशक्तता क्षेत्र की सेवा के लिए जनशक्ति अनुसंधान तथा प्रशिक्षण संचालित कर रहे हैं। कुछ गैरसरकारी संगठन बहुप्रशासनिक अभिगम सहित व्यापक सेवाएं प्रस्तुत कर रहे हैं।
- जी.ओ.आर.टी. संख्या–454, वित्त तथा योजना विभाग, दिनांक 08–07–1999 द्वारा नैल्लौर टाउन में स्पास्टिक केन्द्र स्थापित किया गया है।

4.2.8 fu%'kDr tuk d fy, lLFkku dh ekU;rk ¼/kkjk 50&55½ %

- सहायक निदेशक–निःशक्त कल्याण को जिले में संस्थानों के पंजीकरण को जारी करने के उद्देश्य

से सक्षम प्राधिकारी के रूप में घोषित किया गया है और निदेशक निःशक्त कल्याण को राज्य स्तर पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में घोषित किया गया है।

- सभी 23 जिलों में 159 संस्थान पंजीकृत किए गए हैं।

4.2.9 vk;qDr&fu%'kDrtu ¼kkjk 60½ %

- यहां राज्य आयुक्त निःशक्तजन अतिरिक्त प्रभार में कार्यरत हैं।
- वर्ष, 2011–12 के दौरान निधियों के उपयोग की मानीटरिंग के लिए आयुक्त निःशक्तजन के कार्यालय द्वारा 9 निरीक्षण कार्यान्वित किए गए।

4.2.10 f'kdk;rk dk fuokj.k ¼kkjk 62½ %

दर्ज मामलों की संख्या : 219
निपटाए गए मामले : 200
लम्बित मामले : 19

4.2.11 lkekftd lqj{kk rFkk vU; ;kstuk,a ¼kkjk 66&68½ %

निःशक्तजनों के लिए योजनाएं

क्र.सं.	योजनाएं	आवंटित निधि (रु. में)	लाभार्थियों की संख्या
1.	(क) छात्रवृत्तिः शैक्षणिक का पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति : I से X कक्षा)	पूर्व मैट्रिक I से V कक्षा : रु. 70/= प्रतिमास, VI से VII कक्षा : रु. 100/= प्रतिमास, IX से X कक्षा : रु. 182/= प्रतिमास	10.764
	(ख) एम आर बच्चों हेतु छात्रवृत्ति	रु. 1000/= प्रतिमास	2300
	(ग) पश्च मैट्रिक छात्रवृत्ति	समूह I रु. 962/= प्रतिमास समूह II रु. 682/= प्रतिमास समूह III रु. 520/= प्रतिमास समूह IV रु. 520/= प्रतिमास	2550
2.	सहायताः शैक्षणिक सहायता सामग्री	सर्वाशिक्षा अभियान, आ.प्र. द्वारा नियुक्ति कुल राशि रु. 1,21,05,565/=	11 आवासीय स्कूल
3.	आर्थिक पुनर्वास	रु. 3000/=	1517
4.	विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार	रु. 3000/=, रु. 10,000/=, रु. 50,000/=	–
5.	निःशक्तता पेंशन	रु. 500/= प्रतिमास	8,25,099
6.	साधन तथा उपकरण	–	10148
7.	स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान	रु. 24.60 करोड़	14,779
8.	निःशक्त कर्मचारियों का बीमा	–	353722
9.	वाहन उपदान	नगरेत्तर क्षेत्रों में जिला/साधारण/ एक्सप्रेस/ डीलक्स बसों में पी.एच. व्यक्ति के लिए यात्री किराए में 50 प्रतिशत रियायत	2,52,281
		नगरीय साधारण बस सेवाओं में पी.एच. व्यक्तियों के लिए यात्री किराए में 100 प्रतिशत रियायत	91,084
10.	कोई अन्य योजना	पेट्रोल/डीजल के लिए 50 प्रतिशत उपदान 'क' 2 पी.एच. तथा नीचे वाले वाहन 15 लीटर प्रतिमास, 'ख' 2 एच.पी. से ज्यादा वाले वाहन 25 लीटर प्रतिमास	80

4.2.12 fofo/k

- निःशक्तजनों के जिला/साधारण/एक्सप्रेस/डीलक्स बसों से यात्रा के लिए यात्री किराए में 50 प्रतिशत रियायत।
- नगरीय साधारण सेवाओं में निःशक्तजनों के लिए निःशुल्क यात्रा।

4.2.13 e|[; miyfC/k;k

- सरकार ने निःशक्तों तथा सामान्य व्यक्तियों के बीच शादी के लिए शादी प्रोत्साहन पुरस्कार रु. 10,000/= से बढ़ाकर रु. 50,000/=किया है।
- सरकार ने निःशक्त कर्मचारियों की पदोन्नति में 3 प्रतिशत आरक्षण के कार्यान्वयन के लिए निदेश जारी किए हैं।
- सरकार ने निःशक्त जनों के पक्ष में पदों के आरक्षण के लिए अधिनियम के अनुसार निःशक्त जनों की (3) श्रेणियों के बीच अदली–बदली के निदेश जारी किए हैं।
- सरकार ने आदेश जारी किए है कि पदों में आरक्षण की प्रतिशतता सहित निःशक्त जनों के पक्ष में आरक्षण की योजनाएं, भर्ती के उद्देश्य से आयु में 10 वर्ष की रियायत, विभिन्न पदों के चयन के लिए ए.पी.पी.एस.सी. के प्रस्तुत आवेदनों के संबंध में निर्धारित आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट अगले 10 साल अर्थात् 31 मई, 2021 तक मिलती रहेगी।
- वर्ष, 2011–12 के दौरान, निःशुक्त जनों के लिए आरक्षित रिक्तियों के बैकलाग को भरने हेतु विशेष भर्ती अभियान चलाया। 193 निःशक्त जनों को भर्ती किया गया।

  सरकार ने निःशक्त जनों को सार्वजनिक तथा अर्द्धसार्वजनिक भवनों/विधानसभा भवनों/वाणिज्यक परिसरों तथा थियेटरों तथा इसी प्रकार के अन्य सार्वजनिक भवनों में बाधामुक्त सुविधा प्रदान करने के लिए अनुदेश जारी किए हैं।
- सरकार ने निःशक्तों के लिए जाति/धर्म का विचार किए बिना सभी कल्याण विभागों में कोचिंग तथा प्रशिक्षण सुविधाओं में 3 प्रतिशत स्थान उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए हैं।
- सरकार ने इंजीनियरिंग, फारमेसी, एम.बी.ए. तथा एम.जी.ए. पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत दृष्टिबाधित छात्रों के लिए परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट तथा पास करने के अंकों में कमी की सुविधा को भी विस्तृत किया है, जिसे बी.ए., बी.एस.सी. तथा बी.कॉम छात्रों के लिए भी बढ़ाया है।
- सरकार ने स्टेडियम में निःशक्त बच्चों को खेल तथा क्रीड़ा सुविधाएं प्रदान करने के लिए आदेश जारी किए हैं।
- सरकार ने श्रवणबाधित छात्रों को एम.पी.–3 सीडी प्लेयर की बजाए एम.पी.–3 प्लेयर उपलब्ध करने के आदेश जारी किए हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता को उन्नत करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने में सहायक उपाय है।

4.3 अरुणाचल प्रदेश

4.3.1 jkT; leUo; lfefr dk xBu ¼/kkjk 13&8½ %

- राज्य समन्वय समिति गठित है और कार्यरत है।

4.3.2 jkT; dk;ikyd lfefr dk xBu ¼/kkjk 19&21½ %

- राज्य कार्य पालक समिति गठित की गई है और कार्यरत है।

4.3.3 fu%'kDrrk dh jkdFkke rFkk 'kh?k igpku ¼kkjk 25½ %

- निःशक्त जनों के पुनर्वास के लिए, राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत समाज कल्याण, महिला तथा बाल विकास विभाग के अधिकार क्षेत्र में, राज्य निःशक्तता पुनर्वास केन्द्र से प्रशिक्षित समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यकर्ताओं तथा बहुउद्देशीय पुनर्वास कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य के 9 जिलों में समुदाय स्तर तथा जमीनी स्तर पर निःशक्त जनों की घर–घर जाकर सर्वेक्षण किया जा रहा है।
- सर्वशिक्षा अभियान के समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत स्कूल शिक्षा विभाग, निःशक्तता की पहचान, इसकी उत्पत्ति, रोकथाम तथा हस्तक्षेप के कार्य में संलग्न है।
- निःशक्तता की रोकथाम के लिए पोस्टर्स, बैनर्स तथा होर्डिंग लगाना, सी.बी.आर डब्ल्यूज तथा एम.आर. डब्ल्यूज द्वारा घर–घर जाकर सर्वेक्षण, सी.बी.आर. डब्ल्यूज तथा एम.आर. डब्ल्यूज द्वारा जागरूकता शिविरों, सामुदायिक बैठकों का संचालन तथा जमीनी स्तर तथा ब्लाक स्तर पर चिकित्सा कैम्प कार्यशाला तथा सेमिनार का आयोजन।
- सी.बी.आर. डब्ल्यूज जोखिम पर बच्चो की पहचान के लिए एम.पी.आर.पी.डी. योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य, स्वास्थ्य विज्ञान, सफाई पर नियमित रूप से सामुदायिक बैठकों के माध्यम से जागरूकता सृजित कर रहे हैं।
- समाज कल्याण, महिला तथा बाल विकास विभाग द्वारा प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों/चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यकर्तागण (सी.वी. आर. डब्ल्यूज) अपने घर–घर सर्वेक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं को, माता तथा बच्चे की पूर्व प्रसव, प्रसव के दौरान तथा पश्चात प्रसव देख भाल के बारे में भी जागरूक करते हैं।

4.3.4 f'k{kk ¼kkjk 26&31½ %

- निःशक्त बच्चों की निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध है।
- सभी संबंधित विभागों तथा एस.एम.ए. राज्य मिशन को निःशक्त बच्चों को दाखिले से मना न करने के संबंधी अनुदेश दिए गए हैं।
- जिला पापुमेपर में विशेष स्कूल, 01 सरकारी सहायता प्राप्त तथा 01 निजी स्कूल चल रहा है।
- निःशक्त बच्चों को विशेष पुस्तकें, उपकरण तथा वर्दी आदि निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।
- श्रवणबाधित बच्चों के लिए एक भाषा विकल्प का पाठ्यक्रम संशोधन किया जा रहा है।
- नेत्रहीन/निम्न दृष्टि बच्चों को लिपिक/लेखक की सेवाएं उपलब्ध कराने/प्रयोग करने के अनुदेश जारी कर दिए गए हैं।

4.3.5 jkt xkj ¼kkjk 32&41½ %

- राज्य सरकार ने निःशक्त जनों के लिए चिन्हित पद/नौकरियों की केन्द्रीय सूची को अपनाया है तथा सभी संबंधित विभागों के अधिनियम की धारा 33 के अन्तर्गत न्यूनतम 3 प्रतिशत रिक्तियों के कार्यान्वित के लिए अधिसूचना जारी की गई है।
- विभाग विशेष रोजगार कार्यालय के लिए रिक्तियों अधिसूचित कर रहे हैं।

- निःशक्त जनों के प्रशिक्षण तथा कल्याण, उच्चतम आयु सीमा में छूट तथा सुरक्षा उपायों एवं कार्यस्थल पर बाधामुक्त वातावरण सृजित करने की व्यवस्था के लिए धारा 38 के अन्तर्गत आदेश/योजनाएं जारी की गई हैं।

4.3.6 ldkjkRed dk;okgh ¼/kkjk 42&43½ %

- राज्य के पास निःशक्त जनों के पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एन.पी.आर.पी.डी) के अन्तर्गत चल रही केन्द्र सरकार की योजनाओं के अलावा, निःशक्तजनों के लिए साधन तथा उपकरण उपलब्ध कराने की योजना है। निःशक्त व्यक्ति को ऐसी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए निदेशक भूमि प्रबन्ध, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर के पास पहुँचना चाहिए।

4.3.7 foHkn dk u fd;k tkuk ¼/kkjk 44&47½ %

- परिवहन विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की आवश्यक अनुदेश जारी किए गए हैं कि वे सार्वजनिक वाहन तथा सार्वजनिक स्थानों/भवनों को निःशक्त जनों के लिए सुगमनीय बनाएं।

4.3.8 vuql/kku rFkk tu'kfDr fodkl ¼/kkjk 48&49½ %

- 536 सी.बी.आर. डब्ल्यूज एन.पी.आर.पी.डी. योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित किए गए हैं, जो जागरूकता सृजित करने, रोकथाम तथा हस्तक्षेप के लिए घर–घर जाकर सर्वेक्षण संचालित करके पंचायत स्तर पर कार्य करते हैं। एन.पी.आर.पी.डी. योजना के अन्तर्गत, राज्य निःशक्तता पुनर्वास केन्द्र, नहर लगुन समय–समय पर विभिन्न जिलों में जागरूकता–सह–उपचार कैम्प संचालित करते हैं।
- डोनी पोलो मिशन, ईटानगर, जो एक पंजीकृत संस्था है, तथा आर.के. मिशन अस्पताल ईटानगर राज्य में निःशक्तजनों के प्रशिक्षण तथा पुनर्वास में सक्रिय रूप से लगे हैं। इन संगठनों को केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा सहायता अनुदान भी दिया जाता है। राज्य ने भी विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान रु. 223 लाख प्राप्त किए।

4.3.9 fu%'kDr tuksa ds fy, lLFkkuksa dh ekU;rk ¼/kkjk 50&55½ %

- श्री हेग बट्ट, सचिव तथा आयुक्त निःशक्तजन, समाज कल्याण, महिला तथा बाल विकास विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार को निःशक्तजन अधिनियम की धारा 50 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।
- 04 संस्थान पंजीकृत किए गए।

4.3.10 d"Vlk/; fu%'kDr tuks ds fy, lLFkku ¼/kkjk 66½ %

- श्रवण बाधितों के लिए डोनी पोलो मिशन स्कूल, चिम्पू, ईटानगर–791113 अरुणाचल प्रदेश को कष्टसाध्य निःशक्तजनों के लिए संसाधन केन्द्र के रूप में स्वीकृत किया गया है।

4.3.11 fu%'kDr tu vk;qDr ¼/kkjk 60&63 rFkk 65½ %

- आयुक्त–निःशक्तता को अतिरिक्त प्रभार सहित नियुक्त किया गया है।

4.3.12 lkekftd lqj{kk rFkk vU; ;kstuk,a ¼/kkjk 66&68½ %

नि:शक्तजनों के लिए योजनाएं

क्र.सं.	योजना	आवंटित निधि (रु. में)	लाभार्थियों की संख्या
1.	आर्थिक पुनर्वास	9.94 (लाख में)	149
2.	नि:शक्तता पेंशन	रु. 500/= प्रतिमास	–
3.	नि:शक्त कर्मचारियों के लिए बीमा	केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए	–
4.	साधन तथा उपकरण	–	361
5.	वाहन उपदान	80 प्रतिशत	
6.	कोई अन्य योजना (एन.पी.आर.पी.डी)	63.00 (लाख में)	9 अधिसूचित जिलों में कार्यान्वित

4.3.13 fofo/k %

- नि:शक्त छात्रों को नि:शुल्क/रियायती बस पास दिए जाते हैं।
- तेजू, पासीघाट तथा तवांग में जिला प्रशासन के सहयोग से समाज कल्याण, महिला तथा बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित 3 उपचार तथा साधनों और उपकरणों के नि:शुल्क वितरण कैम्पों में 241 साधन तथा उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए।
- चांगलांग तथा पापुमेयर में डी.सी. कार्यालयों के लिए (एस.आई.पी.डी.ए.) के अन्तर्गत रैम्पों के निर्माण के लिए दो योजनाएं/डी.पी.आर. सामाजिक न्याय तथा आधिकारिता मंत्रालय को विचारार्थ भेजी गई।
- डी.सी. पापुमेयर से प्राप्त डी.डी.आर. सीज को लगाने के लिए प्रस्ताव सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्राालय को विचारार्थ भेजा गया।
- सचिव, समाज कल्याण, महिला तथा बाल विकास तथा आयुक्त नि:शक्तजन ने उन विभिन्न कार्यवाहियों के मामले में सभी आयुक्तों के साथ सम्मेलन आयोजित किया, जो जिला प्रशासन द्वारा कार्यान्वित किए जाने हैं।

4.4 आसाम

4.4.1 jkT; leUo; lfefr dk xBu ¼/kkjk 13-13½%

- राज्य समन्वय समिति गठित हो गई है और कार्यरत हैं।
- पिछली राज्य समन्वय समिति की बैठक 12.12.2011 को हुई।

4.4.2 jkT; dk;Zikyd lfefr dk xBu ¼/kkjk 19&21½%

- राज्य कार्यपालक समिति गठित हो गई है और कार्यरत है।

4.4.3 fu%'kDrrk dh jksdFkke rFkk 'kh?kz igpku ¼/kkjk 25½ %

- नि:शक्तता की उत्पत्ति के कारणों का पता लगाने के लिए सभी 27 जिलों में जिला समाज कल्याण अधिकारियों द्वारा सर्वेक्षण का कार्य हाथ में लिया गया है।
- नि:शक्तता की रोकथाम के उपाय : टीकाकरण कार्यक्रम, कुष्टरोग समाप्ति कार्यक्रम, नेत्रहीनता

के नियंत्रण के लिए कार्यक्रम, एकीकृत बाल विकास सेवाएं, अनुपूरक पौष्टिक तथा पूर्व प्रसव स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम नि:शक्तता की रोकथाम के लिए जारी रखे गए हैं।

- चिकित्सीय मूल्यांकन तथा वितरण कैम्प, श्रवण बाधित, दृष्टिगत बाधित तथा अस्थिगत बाधित (ऑर्थोपेडिकली) बच्चों के लिए 8 जिलों में आयोजित किए गए।
- चिकित्सीय जागरूकता सृजित करने के लिए सचल चिकित्सा यूनिट, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय नेत्रहीनता नियंत्रण कार्यक्रम तथा ग्रामीण स्वास्थ्य और पोष्टिकता दिवस आयोजित किए गए।
- नि:शक्तता की रोकथाम तथा शीघ्र पता लगाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कर्मचारी प्रशिक्षित किए गए हैं।
- एम.आर.एचएम. के अधीन जननियों की पूर्व प्रसव, प्रसव के समय, पश्च प्रसव देखभाल के लिए 'ममोनी', 'मैजोनी' जैसी कुछ योजनाएं जारी रखी गई है। जन्म से बच्चों की देखभाल आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से भी की जाती है।

4.4.4 f'k{kk ¼/kkjk 26-21½ %

- स्कूलों में अध्ययनरत नि:शक्त बच्चों की संख्या 73220 है।
- सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के नि:शक्त बच्चे सहित सभी बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है। सरकार द्वारा संचालित विशेष स्कूलों में भी बच्चों की नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध है।
- राज्य में तीन सरकारी तथा पांच सरकारी सहायता प्राप्त विशेष स्कूल हैं। राज्य के 8 जिलों में कम से कम एक विशेष स्कूल चल रहा है। सरकारी क्षेत्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण सुविधाओं से युक्त दो विशेष स्कूल है तथा निजी क्षेत्रों में भी दस स्कूल हैं।
- सर्व शिक्षा अभियान से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 32,421 स्कूलों में रैम्प लगे हैं तथा 6712 स्कूलों में सुगमनीय शौचालय हैं।
- 2463 नि:शक्त बच्चे, रु. 2400/= प्रतिवर्ष की दर से छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं।
- विशेष शिक्षा में विशेषज्ञतापूर्ण प्रशिक्षण के लिए तीन अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान चल रहे हैं।
- नि:शक्त बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा उपलब्ध है। इसके अन्तर्गत सभी ब्लाक आते हैं।
- नि:शक्त बच्चों को विशेष पुस्तकें, उपकरण तथा वर्दी आदि नि:शुल्क प्रदान की जाती है।
- परीक्षा पद्धति परिवर्धित की गई है तथा नेत्रहीन/निम्न दृष्टि बच्चों के लिए ज्योमेट्री से छूट दी गई है।
- श्रवण बाधित बच्चों के लिए एक भाषा विकल्प को लागू किया गया है।

नेत्रहीन निम्न दृष्टि	चलन नि:शक्तता ग्रस्त	मानसिक मंदताग्रस्त	वाक् तथा श्रवण बाधित	अन्य नि:शक्तताएं (विशेष)
1135	13815	6119	22771	19149

- नेत्रहीन/निम्नदृष्टि निःशक्त बच्चों को लिपिकार/लेखक की सेवा प्राप्त करने/प्रयोग करने के अनुदेश जारी किए गए हैं, निःशुक्त बच्चों से प्राप्त आवेदन पर उन्हें लिपिकार उपलब्ध कराया जाता है।
- माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षार्थियों के लिए श्रवजता ग्रस्त बच्चों के लिए 20 मिनट अतिरिक्त समय का प्रावधान है।
- सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत नियमित स्कूलों में 77,720 निःशक्त बच्चे नामांकित हैं।
- एलिमको को नए सहयोगी उपकरणों, शिक्षण सहायता, विशेष प्रशिक्षण सामग्री आदि के विकास हेतु अनुसंधान की स्थापना/सहयोग के लिए भूमि का एक प्लाट उपलब्ध कराया गया है। विशेष शिक्षा में विशेषज्ञता युक्त प्रशिक्षण के लिए राज्य में 2 अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान हैं। यहां सरकारी क्षेत्र में 16 विशेष शिक्षा के ब्लाक स्तर पर समावेशित शिक्षा के लिए 176 संसाधन शिक्षक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर 2528 स्वयंसेवी हैं। सभी ब्लाकों में निःशक्त जनों के लिए अनौपचारिक शिक्षा की सुविधाएं हैं। निःशक्त व्यक्तियों को बिना मूल्य के विशेष पुस्तकें तथा उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। 1120 निःशक्त बच्चों को पुस्तकें, वर्दियां तथा अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई हैं। निःशक्त जनों को संस्थापन की सुविधा वी.टी.आर.सी. के माध्यम से गुवाहाटी में है।
- नेत्रहीन तथा कम दृष्टि वाले बच्चों को ज्योमेट्री विषय से छूट प्राप्त है। श्रवण बाधित बच्चों के लिए एक भाषा का विकल्प लागू किया गया है। वी.एच./निम्न दृष्टि वाले बच्चों को लेखक उपलब्ध कराया जा रहा है।
- 3 स्कूल निःशक्त बच्चों को निःशुल्क वाहन सुविधा–उपलब्ध करा रहे हैं। सरकारी स्कूल मुख्यतया आवासीय हैं जो सी.डब्ल्यू.एस.एन. अपनी कष्टसाध्य निःशक्तताओं के कारण नियमित रूप से स्कूल नहीं आ पाते, उन्हे परिवहन भत्ते तथा एस्कार्ट भत्ते के रूप में रु. 50/= + रु. 50/= प्रतिमास प्रति सी.डब्ल्यू. एस.एन. दिए जाते हैं।

4.4.5 jkt xkj /kkjk ¼32&41½

- आसाम सरकार ने सभी चार समूहों में निःशक्त व्यक्तियों के लिए पदों को चिन्हित किया है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है–

समूह	ओ एच	बी एच	एच एच	1 से अधिक या सभी श्रेणियां
समूह 'क'	18	4	–	–
समूह 'ख'	79	3	12	–
समूह 'ग'	189	–	–	96
समूह 'घ'	18	–	–	87
योग	304	7	12	183

- निःशक्तजनों को न्यूनतम 3 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।
- 515 निःशक्तजन सरकारी नौकरियों में नियुक्त किए गए।
- कुछ विभाग विशेष रोजगार कार्यालयों को रिक्तियां अधिसूचित कर रहे हैं।
- निःशक्तजनों के प्रशिक्षण, कल्याण, अधिकतम आयु सीमा में छूट, स्वास्थ्य तथा मुख्य मापदण्ड तथा कार्यस्थल पर बाधामुक्त वातावरण के सृजन की व्यवस्था के लिए धारा 38 के अन्तर्गत आदेश/योजनाएं जारी/परिचालित की गई है। सभी गरीबी उन्मूलन योजनाओं में आरक्षण नीति कार्यान्वित की जा रही है।

4.4.6 ldkjkRed dk;Zokgh ¼/kkjk 42&43½ %

- सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय तथा सर्वशिक्षा अभियान के योजना ए.डी.आई.पी. के अन्तर्गत उपकरण तथा उपस्कर उपलब्ध कराए गए।
- अधिसूचना संख्या–आर.एस.एस.860/2005/57, दिनांक 14–01–2010 द्वारा राजस्व तथा डी.एम. विभाग ने सभी संबंधितों को परिपत्र जारी किया है कि निःशक्तजनों को रियायती दर पर, प्राथमिकता के आधार पर भूमि का आवंटन किया जाए।
- यह लाभ संबंधित जिले के कलैक्टर के माध्यम से दिया जाता है।

4.4.7 foHkn dk u fd;k tkuk ¼/kkjk 44&47½ %

- पी.डब्ल्यू.डी. विभाग, जी.एम.सी. हाउस फेड तथा कई अन्य विभागों ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को परिपत्र जारी किया है कि बिना बाधामुक्त नक्शे वाले भवनों को अनुमति न दी जाए।
- धारा 47 के अन्तर्गत तीन मामले सामने आए, जिनमें से दो रैक गए और एक मुख्य आयुक्त निःशक्त जन को अग्रेषित किया गया।
- बेटकुची में एक अन्तर्राज्यीय बस अड्डा बाधामुक्त बनाया गया है। 150 निम्न तल बसें गोहाटी शहर क्षेत्रों तथा गोहाटी के निकट के जिलों में भी आ जा रही है।

4.4.8 fu%'kDr tuksa ds fy, laLFkkuksa dh ekU;rk ¼/kkjk 50&50½ %

- निदेशक–समाज कल्याण, अजन बाजार, गोहाटी को निःशक्तजन अधिनियम की धारा 50 के अन्तर्गत समक्ष प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।
- राज्य के प्राधिकार के अन्तर्गत 118 संस्थान पंजीकृत किए गए।

4.4.9 vk;qDr&fu%'kDr tu ¼/kkjk 60&63 rFkk 65½ %

- एक पूर्णकालिक आयुक्त–निःशक्त जन नियुक्त किया गया है।

4.4.10 f'kdk;rksa dk fuokj.k ¼/kkjk 62½ %

दर्ज मामलों की कुल संख्या	:	63
निपटाए गए मामले	:	63
लम्बित मामले	:	–

4.4.11 lkekftd lqj{kk rFkk vU; ;kstuk ¼/kkjk 66&68½ %

निःशक्त जनों के लिए योजनाएं के लिए तालिका अगले पृष्ठ पर देखें।

4.4.12 fofo/k

- केवल दृष्टि बाधित बच्चों के लिए निःशुल्क/रियायती बस पासों की अनुमति है।

निःशक्तजनों के लिए योजनाएं

क्र.सं.	योजना	निधि आवंटित (रु. में)	लाभार्थियों की संख्या
1.	छात्रवृत्ति : शैक्षणिक	4.04 (लाख में)	2020
2.	आर्थिक पुनर्वास	1.80 (लाख में)	180
3.	बेरोजगारी भत्ता	27.60 (लाख में)	5460
4.	उपकरण तथा उपस्कर	सामाजिक न्याय तथा आधिकारिता मंत्रालय की ए.डी.आई.पी. योजना के अन्तर्गत प्रदत्त	
5.	स्वैच्छिक संगठन को सहायता अनुदान	50,00 (लाख में)	9 संख्या
6.	अवसंरचनात्मक विकास	30.00 (लाख में)	2 नए स्कूल लखीमपुर जिले तथा तिनसुकिया जिले में निर्माण की प्रक्रिया में है।
7.	कोई अन्य योजना : श्रवण बाधित बच्चों के परिवारों को सहायता	500/= प्रति परिवार	1600 (चालू वित्तीय वर्ष के लिए लक्ष्य)

- राज्य सरकार ने निःशक्तता नीति बनाई है और उसे पत्र संख्या सी.ओ.एम. (डी) 30/2007–08/36, दिनांक 13–03–2012 द्वारा पुनः प्रस्तुत किया है।
- निःशक्त जनों के लाभ के लिए सर्वोच्च उपाय :
  - रु. 10,000/= का पुनर्वास अनुदान
  - गैर सरकारी संगठनों को अनुदान
  - निःशक्त बच्चों के परिवारों को भत्ता

4.5 बिहार

4.5.1 jkT; leUo; lfefr dk xBu ¼/kkjk 13&24½ %

- राज्य समन्वय समिति पुनर्गठित की गई है। वर्ष के दौरान कोई बैठक नहीं हुई।
- राज्य कार्यपालक समिति पुनर्गठित की गई है, इसकी वर्ष के दौरान कोई बैठक नहीं हुई।

4.5.2 fu%'kDrkvksa dh jksdFkke rFkk 'kh?k igpku ¼/kkjk 25½ %

- जोखिम के मामलों की पहचान के लिए सभी बच्चों की जांच की गई। प्रतिरक्षण तथा टीकाकरण के माध्यम से निःशक्तता की रोकथाम के उपाय किए गए।

- निःशक्तता की रोकथाम तथा शीघ्र पहचान के लिए, स्वास्थ्य तथा स्वास्थकर आदि की प्रोन्नति के लिए, प्रेस, एन.जी.ओ. तथा प्रशासन संस्थान जैसे विभिन प्रसार उपाय प्रयुक्त किए गए तथा जननी और बच्चे की पूर्व प्रसव, प्रसव के समय तथा पश्चात प्रसव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया।

4.5.3 f'k{kk ¼/kkjk 26&31½ %

- सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निःशक्त बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा।
- मुख्य धारा के स्कूलों में निःशक्त बच्चों के दाखिले से मना करने के विरुद्ध अनुदेश जारी किए गए।
- विभिन्न प्रकार के सरकारी स्कूल, जिसमें निःशक्त तथा सामान्य बच्चे पढ़ रहे हैं। (प्राइमरी–41497, मिडिल–29288, बेसिक–391, उच्च (हाई)–3260 कुल : 74436 स्कूल।
- राज्य में सरकार के अधीन 08 विशेष स्कूल तथा निजी क्षेत्र में 25 स्कूल चल रहे हैं।
- राज्य के 4 जिलों में कम से कम एक विशेष स्कूल चल रहा है।
- राज्य में 33,000 संस्थान स्थापत्य कला की दृष्टि से बाधामुक्त है।
- 14,000 निःशक्त बच्चे छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य में निःशक्तता के प्रबन्ध में विशेषज्ञतापूर्ण प्रशिक्षण के लिए, अध्यापकों को प्रशिक्षण देने हेतु एक संस्थान चल रहा है।
- निःशक्त बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है।
- 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क पुस्तकें तथा सामग्री प्राप्त कर रहे हैं।
- छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत 8 विशेष स्कूल वाहन भत्ता प्रदान कर रहे हैं।

4.5.4 jkstxkj ¼/kkjk 32&41½ %

- समूह 'ग' तथा 'घ' के 26 पद अधिसूचना दिनांक 05–01–2007 द्वारा चिन्हित किए गए हैं।
- 01 विशेष रोजगार कार्यालय बेलीरोड, पटना में स्थित है।
- विशेष रोजगार कार्यालय में 2359 निःशक्तजन पंजीकृत किए गए तथा 55 रिक्तियां विभिन्न विभागों/संगठनों द्वारा आधिसूचित की गई, जिसमें से 17 निःशक्त जनों ने नियुक्ति प्राप्त की।
- रोजगार में उच्च आयु सीमा की छूट उपलब्ध है।

4.5.5 ldkjkRed dk;Zokgh ¼/kkjk 42 rFkk 43½ %

- मुख्यमंत्री सामर्थ्य योजना के अन्तर्गत 9068 निःशक्त जनों को उपकरण तथा उपस्कर प्रदान किए गए।
- निःशक्त, उद्यमियों के लिए घर बनाने, व्यवसाय स्थापित करने, विशेष मनोरंजन केन्द्र स्थापित करने, विशेष स्कूलों की स्थापना, अनुसंधान केन्द्र की स्थापना, फैक्टरी की स्थापना के लिए रियायती दर पर प्राथमिकता के आधार पर भूमि के आवंटन की योजना है।

4.5.6 vuqla/kku rFkk tu'kfDr fodkl ¼/kkjk 48&49½

- सी.आर.सी. पटना के लिए 3.53 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

4.5.7 fu%'kDr tuk d fy, lLFkku dh ekU;rk ¼/kkjk 50&55½

- राज्य आयुक्त–निःशक्त जन को संस्थानों के पंजीकरण जारी करने के उद्देश्य से सक्षम अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।
- 134 संस्थानों को पंजीकरण जारी किए गए हैं।

4.5.8 vk;qDr&fu%'kDr tu ¼/kkjk 60&63 rFkk 65½

- एक पूर्णकालिक आयुक्त निःशक्तता नियुक्त किया गया है।
- वर्ष, 2011–12 के दौरान, 16 गैरसरकारी संगठनों को रु. 141.33 लाख का सहायता अनुदान दिया गया।
- निःशक्तजन अधिनियम, 1995 के सफल कार्यान्वयन के लिए जिलों के सभी कलैक्टरों को अतिरिक्त आयुक्त निःशक्तता के रूप में अर्ध सूचित किया गया है और इन्हें निःशक्तजनों द्वारा ट्राईसाइकिल, कृत्रिम अंग तथा अन्य जरूरी चीजें खरीदने के लिए निधि स्वीकृत करने के अधिकार दिए गए हैं।
- सभी गरीबी उन्मूलन योजनाओं में 3 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है।
- निःशक्त जन आधिनियम की धारा 62 के अन्तर्गत वर्ष 2011–12 के दौरान प्रतिपादित किए गए मामले निम्नलिखित हैं–

  कुल दर्ज मामले : 1769

  निपटाए गए मामले : 1765

  लम्बित मामले : 04

4.5.9 lkekftd lqj{kk rFkk vU; ;kstuk, ¼/kkjk 66&68½

निःशक्तजनों के लिए योजनाएं

क्र.सं.	योजनाएं	आवंटित निधि (रु. में)	लाभार्थियों की संख्या
1.	छात्रवृत्ति शैक्षणिक	550	14,000
2.	सहायता शैक्षणिक सहायक सामग्री	240	110
3.	आर्थिक पुनर्वास	260	170
4.	वैवाहिक प्रोत्साहन	–	–
5.	निःशक्तता पेंशन	5278	3,11,000
6.	बेरोजगारी भत्ता	–	–
7.	निःशक्त कर्मचारियों की बीमा	–	–
8.	उपकरण तथा उपस्कर	500	10,069
9.	स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुमान	–	–
10.	मानव संसाधन विकास	–	–
11.	अवसंरचनात्मक विकास	–	–
12.	सरकारी संस्थानों को सहायता अनुदान	–	–
13.	वाहन उपदान	–	–
14.	कोई अन्य योजना (सर्वेक्षण)	80	4,80,000

4.5.10 fofo/k

- निःशक्तजन अधिनियम अधिसूचित किए गए हैं।
- निःशक्तजनों के लिए बी.एस.आर.टी.सी. बसों में निःशुल्क रियायती बस यात्रा की अनुमति है।

4.6 चंडीगढ़

4.6.1 jkT; leUo; lfefr dk xBu ¼/kkjk 13&18½

- निःशक्तजन अधिनियम, 1995 की धारा 13(3) के अनुसार संघ शासित क्षेत्र में राज्य समन्वय समिति का गठन अपेक्षित नहीं है।

4.6.2 राज्य कार्यपालक समिति संगठन (धारा 19–21) :

- चंडीगढ़ प्रशासन की अधिसूचना संख्या–एस. डब्ल्यू.–3 एस.ई.सी/2005/2810 दिनांक 17–05–2008 के द्वारा सचिव समाज कल्याण विभाग की अध्यक्षता में राज्य कार्यपालक समिति गठित की गई है।

4.6.3 निःशक्तताओं की रोकथाम तथा शीघ्र पहचान (धारा 25) :

- निःशक्तता की उत्पत्ति की रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक उपाय, जैसे प्रतिरक्षण तथा बाल स्वास्थ्य देखभाल से कई शहर में कार्यरत 5 अस्पतालों तथा 44 डिस्पेंसरियों में उपलब्ध है।
- राज्य संसाधन केन्द्र तथा जिला पुनर्वास केन्द्र सरकारी मेडिकल कालेज, अस्पताल, सेक्टर–32, चंडीगढ़ में स्थापित किए गए हैं।
- राज्य संसाधन केन्द्र ने 12 निःशक्तता पहचान कैम्प आयोजित किए, जिसमें अलग–अलग रोगी से ग्रस्त 1531 रोगियों का उपचार किया गया।
- चंडीगढ़ संघ शासित कोटा के स्लम तथा कालोनियों में 420 आंगनवाड़ी केन्द्र कार्य कर रहे हैं और इस नेटवर्क के माध्यम से समाज के सुविधारहित वर्गों के लक्षित समूहों के बीच जागरूकता पैदा की गई है।

4.6.4 शिक्षा (धारा 26–31) :

- 3 प्रतिशत स्थान शैक्षणिक संस्थानों तथा सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में निःशक्तजनों के लिए आरक्षित किए गए हैं। कार्मिक विभाग ने शैक्षणिक/तकनीकी संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के अनुदेश जारी किए हैं कि किसी भी योग्य निःशक्त छात्र को प्रवेश पाने से वंचित न किया जाए।
- लड़कियों को +2 स्तर तक तथा लड़कों को 8वीं के स्तर तक शिक्षा निःशुल्क है। आस्थिबाधित विकलांग छात्र सामान्य स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं।
- सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों तथा सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों के सभी विभागाध्यक्षों को अनुदेश दिए हैं कि शारीरिक रूप से विकलांग बच्चे को किसी स्कूल में दाखिले से मना नहीं किया जाएगा। निःशक्त बच्चे के नामांकन के बाद स्कूलों के प्रमुख उसकी प्रगति, विकास तथा वृद्धि के लिए उत्तरदायी होंगे।
- कुछ संस्थान निःशक्त बच्चों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे है।

- निम्न आई.क्यू. वाले बच्चों की समावेशी शिक्षा को उन्नत करने के लिए उन्हें सरकारी स्कूलों में मुख्य धारा वर्गों में समायोजित किया जा रहा है।

vukSipkfjd f'k{kk dk;Øe ¼/kkjk 27½

- सरकार का मानसिक मन्दताग्रस्त बाल संस्थान, सैक्टर–32, चंडीगढ़ दैनिक जीवन की प्रशिक्षण गतिविधियों (जैसे शौचालय प्रशिक्षण, खान–पान, प्रसाधन आदि) के संबंध में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का बीड़ा उठा रहा है। इन मंदताग्रस्त बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोमवत्ती बनाना, चाक बनाना, कुकिंग तथा बेकरी, कुर्सियों, जिल्द जन्दी, फाइल बनाना, कटिंग तथा टेलरिंग में व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- चंडीगढ़ बाल तथा महिला विकास निगम द्वारा कम्प्यूटर, व्यूटी पार्लर, स्टैनोग्राफी जैसे ट्रेडों में भी निःशक्त जनों को निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- चंडीगढ़ प्रशासन ने डबल स्टोरी बिल्डिंग, सैक्टर–46 चंडीगढ़ में निःशक्त जनों के लिए एक व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा उत्पादन केन्द्र 'आशा किरण' स्थापित किया है।

v/;kid izf'k{k.k lLFkku dh LFkkiuk ¼/kkjk 29½

- मानसिक मंदताग्रस्त सरकारी संस्थान, सैक्टर–32, चंडीगढ़, मानसिक मंदताग्रस्त बच्चों को संभालने के लिए सभी प्राथमिक तथा पूर्व प्राथमिक स्कूल अध्यापकों को अभिविन्यास प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षित किए जा रहे हैं।

f'k{kk dh fy, O;kid ;kstuk] okgu lqfo/kk miyC/k djkuk] Nk=o`fÙk;ka rFkk iqLrdksa dh vkiwfrZ ¼/kkjk 30½

- चंडीगढ़ प्रशासन निःशक्त छात्रों को कक्षा–I से लेकर आगे तक अध्ययन की कक्षा के आधार पर रु. 50/= से 500/= की श्रेणी में छात्रवृत्ति दे रहा है।
- निःशक्त जनों के लाभ हेतु उनके उन्मुक्त आवागमन की सुविधा के लिए 04 कालिजों तथा 35 स्कूलों के भवनों में रैम्प लगाए गए हैं। सभी संस्थानों को बाधामुक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

4.6.5 jkstxkj ¼/kkjk 32&41½

- भारत सरकार द्वारा चिन्हित पदों की केन्द्रीय सूची संघ शासित क्षेत्रा में लागू है।
- निःशक्त जनों को 3 प्रतिशत आरक्षण देने के अनुदेश जारी किए गए हैं।
- चंडीगढ़ प्रशासन ने निःशक्त जनों के लिए एक विशेष रोजगार कार्यालय स्थापित किया है, जो क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, संघ शासित क्षेत्र, चंडीगढ़ में कार्य कर रहा है। उसमें 31–01–2012 को 62 नेत्रहीन, 935 ओएच तथा 85 एचआई सहित 1082 निःशक्तजन पंजीकृत हैं।
- चंडीगढ़ बाल तथा महिला विकास निगम को राष्ट्रीय विकलांग वित्त तथा विकास विभाग का सरणीबद्ध अभिकरण घोषित किया गया है। यह निगम शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को स्व–रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करा रही है।
- सभी विभागों/कार्यालयों/बोर्ड तथा निगम के प्रमुखों को गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में

शारीरिक रूप से विकलांग जनों को 3 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए अनुदेश जारी किए गए हैं।

4.6.6 l dkjkRed dk;okgh ¼/kkjk 42&43½

